भोपाल
शनिवार, 11 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -09
वर्ष : 13, अंक : 09
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 21


# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026


रक्षा मंत्री राजनाथ और सीएम डॉ. यादव करेंगे उद्घाटन

## रायसेन में आज से तीन दिन तक होगा उन्नत कृषि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के समीप के जिले रायसेन में तीन दिनी राष्ट्रीय स्तर का उन्नत कृषि महोत्सव, सम्मेलन, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से 13 अप्रैल तक पहली बार आयोजित होने जा रहा है। इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। यह मेला दशहरा मैदान में आयोजित होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए सभी तरह के इंतजाम करने को कहा है। कृषि महोत्सव में एक ही जगह पर खेती की नई तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार का समाधान होगा। इसमें बीज से लेकर बाजार तक, प्रयोगशाला से खेत तक की दी जानकारी दी जाएगी। किसान मेले में ड्रोन, आधुनिक मशीनें, एफपीओ आदि की जानकारी भी एक ही मंच पर किसानों को मिलेगी। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि हमारे ▶▶ शेष पेज 6 पर



▶▶ रिसर्च को लैब से लैंड तक ले जाने की कोशिश
▶▶ समापन सत्र में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

उज्जैन के बड़नगर के बोरवेल में राजस्थान से भेड़ चराने आया परिवार अपना बेटा खो बैठा

# 22 घंटे पहले 75 फीट गहरे बोरवेल में गिरा 3 साल का भागीरथ जब तक हाथों में आया....तब तक उसकी 'सांस रुक' चुकी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले के बड़नगर में बोरवेल में गिरे 3 साल के भागीरथ को तमाम कोशिशों के बाद नहीं बचाया जा सका। करीब 22 घंटे के रेस्क्यू के बाद भागीरथ देवासी को निकाल तो लिया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भागीरथ की सांसें थम चुकी थीं, गांव में मातम छा गया। बड़नगर के गांव झालरिया में गुरुवार 9 अप्रैल की देर शाम करीब साढ़े सात बजे भागीरथ 75 फीट गहरे बोलवेल में गिर ▶▶ शेष पेज 6 पर


भागीरथ

▶▶ बताया जाता है कि भागीरथ के परिवार में शादी थी, वह नए कपड़े पहने हुए था
▶▶ एसपी ने कहा-जिस-जिसकी लापरवाही सामने आएगी, जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी


विलाप करते परिजन

### भोपाल समेत कई जिलों की टीमें रेस्क्यू में लगी थीं

भागीरथ को बोरवेल से निकालने के लिए, भोपाल से पहुंची एनडीआरएफ की टीम, हरदा, इंदौर और उज्जैन की एसडीआरएफ के साथ ज्वॉइंट रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थीं। बोरवेल में कैमरा डालकर बच्चे की स्थिति पर नजर रखी गई। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट भी दिया गया। मौके पर 2 एंबुलेंस भी तैनात थीं। रेस्क्यू ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख, 4 लाख की सहायता का ऐलान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस हादसे पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से दिवंगत बालक के परिजन को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत बालक की आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस - एसआरएच
दोपहर 3.30 बजे से
सीएसके - डीसी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### महिला उपयंत्री 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



**इंदौर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त अभियान के तहत लोकायुक्त इंदौर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में पदस्थ उपयंत्री सावित्री मुवेल को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

### ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान को ट्रक ने कुचला



**ग्वालियर।** यहां आरटीओ चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम में शामिल एक होमगार्ड जवान को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में जवान की मौके पर ही मौत हो गई। देवेंद्र मिश्रा आरटीओ की उड़नदस्ता टीम के साथ चेकिंग ड्यूटी में तैनात थे।

### आंबेडकर प्रतिमा से छेड़छाड़ के बाद भड़का जनाक्रोश



**सतना।** उचेहरा कस्बे के पास भराहटा गांव के नजदीक डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा से अज्ञात लोगों ने छेड़छाड़ कर दी। मूर्ति के चेहरे पर काला पेंट पोतने के साथ इसको क्षतिग्रस्त भी किया गया। इसके बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और धरने पर बैठ गए।

सेरेना होटल में बैठक होगी या टलेगी? इस्लामाबाद में कर्फ्यू जैसा माहौल

*अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पहुंचे, ईरान की तरफ से कोई संकेत नहीं, ऐनवक्त पर कोई डेवलपमेंट संभव*

# 'शांति' पर 'संशय'

## ईरान ने कहा- लेबनान में सीजफायर से पहले अमेरिका से नहीं होगी कोई बातचीत

## ट्रंप बोले- डील नहीं हुई तो फिर हमला करेंगे, हम युद्धपोतों को तैयार कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग पूरी तरह थम जाए इसके लिए पूरी दुनिया प्रयास कर रही है। लेकिन तीनों ही देशों की अपनी अकड़ और गुरूर के चलते फिलहाल शांत की संभावना पर संशय के बादल घिरते नजर आ रहे हैं। शनिवार को इस्लामाबाद के होटल सेरेना में होने वाली बैठक, होगी नहीं होगी? ये सवाल नहीं है। बड़ा सवाल है कि शांति होगी या नहीं? इस पर पूरी दुनिया चिंतित है।

ईरान लेबनान में जारी इजराइली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों ▶▶ शेष पेज 6 पर

*वेंस ने कहा कि ईरान ने खेल करने की कोशिश की तो नरमी नहीं दिखाएंगे। अगर ईमानदारी से बातचीत करता है तो अमेरिका भी खुले मन से आगे बढ़ने को तैयार*

लेबनान पर हमले नहीं थमने के कारण ईरान नाराज


एआई इमेज

▶▶ *कतर, तुर्की, फ्रांस और जर्मनी दिखा रहे बैठक में रुचि*

▶▶ *ईरान को राजी करने में बैक डोर से लगा हुआ है चीन*

### इस्लामाबाद में 10 हजार सैनिक तैनात

उधर, पाकिस्तान सरकार ने वार्ता की गंभीरता को देखते हुए इस्लामाबाद को एक अभेद्य किले में तब्दील कर दिया है। शहर के रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया है और सेना व पुलिस की भारी तैनाती की गई है। सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए राजधानी में 11 अप्रैल तक स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जमीन और आसमान से सुरक्षा का पहरा देने वाले करीब 10 हजार सुरक्षा कर्मी रात दिन पहरेदारी कर रहे हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी


जेडी वेंस

### लेबनान पर हमले रुकवाना चाहता है ईरान

▶▶ हिजबुल्लाह लेबनान में ईरान समर्थित और हथियारों से लैस सबसे शक्तिशाली मिलिशिया है
▶▶ अगर लेबनान में इजराइल के हमले जारी रहे और हिजबुल्लाह कमजोर होता है, तो ईरान का क्षेत्रीय नेटवर्क टूट सकता है
▶▶ ईरान ने सीजफायर के लिए 10 शर्तें रखी थीं, जिनमें क्षेत्रीय युद्ध खत्म करना शामिल है, यानी ईरान, लेबनान, यमन पर हमले रोकना


### ये हैं बातचीत के प्रमुख मुद्दे?

**1 ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम**

अमेरिका का कहना है कि ईरान में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।

**2 स्ट्रेट ऑफ होर्मुज**

दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने ▶▶ शेष पेज 6 पर


तलाश करती रेस्क्यू टीम

मथुरा में बड़ा हादसा: पैंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलटी नाव

## लुधियाना से आए 30 लोग डूबे 10 शव बरामद, 5 लोग लापता

▶▶ एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह ओवरलोड बताया
▶▶ प्रारंभिक जांच में सामने आया कि किसी भी श्रद्धालु ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी

एजेंसी ▶▶ मथुरा

यहां शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। लुधियाना से वृंदावन घूमने आए 30 श्रद्धालुओं से भरी नाव यमुना नदी में पलट गई। जिससे सभी श्रद्धालु नदी में डूब गए। श्रद्धालुओं की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े। पुलिस और गोताखोर भी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में राहत बचाव कार्य शुरू किया गया। अभी तक 10 लोगों के शवों को बरामद किया गया। जबकि 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पांच लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी ने जताया दुख

हादसे पर पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मोदी ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

इधर, ओंकारेश्वर में परिक्रमा के दौरान पलटी नाव

## लाइफ जैकेट ने बचाई जान... सभी 10 यात्री सुरक्षित, 2 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब बैकवाटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पलट गई। नाव में सवार सभी 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, हालांकि दो श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें सनावद अस्पताल भेजा गया है। 225 नंबर की लकड़ी की नाव नवीन घाट से आगे ओंकार मठ और नागर घाट के बीच हादसे का शिकार हो गई। नाव में सवार सभी श्रद्धालु झारखंड के रांची निवासी बताए जा रहे हैं, जो ओंकारेश्वर ▶▶ शेष पेज 6 पर

▶▶ *पत्थर से टकराकर असंतुलित हुई नाव*
▶▶ *नाविकों की तत्परता से बची 10 जिंदगियां*


घाट पर नाविक

नोट मिलने के बाद से थे विवादों में


## हाईकोर्ट जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा


राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपा

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इससे पहले उनका दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला (ट्रांसफर) कर दिया गया था। ये तबादला उनके आवास पर कथित तौर पर जले हुए नोट मिलने के विवाद के बाद हुआ था। जस्टिस वर्मा ने 5 अप्रैल, 2025 को ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के तौर पर शपथ ली थी। उन्होंने अपने ▶▶ शेष पेज 6 पर

डॉ. मनोज वर्मा से हुई लूट

## आंखों में मिर्ची झोंक ले गए 11 तोला सोना


साइकिल से गिरे तो कूल्हे में आया फ्रेक्चर

**भोपाल।** किलोल पार्क के पास श्यामला हिल्स में शुक्रवार सुबह बदमाश ने टीबी ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज वर्मा की साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बदमाश के दो साथियों ने आंखों में मिर्च झोंककर 11 तोला गोल्ड का कड़ा, पर्स और घड़ी छीन ली। इस घटना में डॉक्टर साइकिल से गिरकर घायल हो गए। सड़क पर चलती साइकिल से गिरने के कारण उनके ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीडीआर रैकेट का बड़ा खुलासा

## इंदौर क्राइम ब्रांच के दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार


रकम लेकर कॉल डिटेल बेचते थे

**इंदौर।** शहर में कथित सीडीआर रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है। आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने इस मामले में क्राइम ब्रांच के दो पुलिसकर्मियों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ शुरू की गई। दोनों पर आम लोगों की कॉल डिटेल (सीडीआर) मोटी रकम लेकर बेचने का गंभीर आरोप है। सूत्रों के मुताबिक, सिपाही रवींद्र और एएसआई राम को एटीएस मुख्यालय में पूछताछ के लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

शादी के जश्न में दर्दनाक हादसा

## बारातियों को पिकअप ने रौंदा, एक की मौत


दूल्हे समेत 25 घायल, 4 की हालत गंभीर

**खरगोन।** जिले के महेश्वर थाना क्षेत्र में एक बारात के दौरान नाच रहे बारातियों को पिकअप वाहन ने रौंद दिया। घटना गुर्जर मोहना गांव की है। हादसे में दूल्हे सहित करीब 25 लोग घायल हुए हैं। हादसे में एक बाराती की मौत हो गई। जबकि दूल्हे की बहन सहित 4 लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें खरगोन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूल्हे सहित अन्य घायल बारातियों को ▶▶ शेष पेज 6 पर

दमोह-सागर स्टेट हाइवे पर बड़ा हादसा

## ट्रक ने बोलेरो-बाइक को मारी टक्कर, 4 की मौत

*मृतकों में दो बाइक वाले और दो कार सवार शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह


क्षतिग्रस्त कार

दमोह-सागर स्टेट हाइवे पर शुक्रवार शाम को बड़ा हादसा हो गया। बांसा तारखेड़ा गांव में एक ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मारी और फिर बाइक को रौंद दिया। एक्सीडेंट में 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई। 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के पास चीख-पुकार मच गई। गाड़ियों पर खून के छींटे हो गए। बाइक सवार 2 सगे भाई जीवन और सूरज अहिरवार ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। दोनों बांसा तारखेड़ा में रहते थे। बाइक सवार जीवन और सूरज अपने छोटे भाई की शादी के लग्न के लिए गैस सिलेंडर लेने दमोह जा रहे थे। घर से थोड़ी ही दूरी पर उनका ▶▶ शेष पेज 6 पर

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी का 31वां जन्मदिन: जामनगर में भव्य जश्न

*जामनगर में स्थापित होने वाली यह यूनिवर्सिटी आधुनिक 'गुरुकुल' की अवधारणा पर आधारित होगी*

# एक लाख गायों व हाथियों को छप्पन भोग खिलाए रखी अनोखी वाइल्डलाइफ यूनिवर्सिटी की 'नींव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जामनगर में सितारों और उद्योग जगत की हस्तियों का जमावड़ा लगा हुआ है। अनंत ने जामनगर के 'वनतारा' प्रोजेक्ट के पास गो-सेवा कर अपना दिन शुरू किया, जहां एक लाख से ज्यादा गायों को पारंपरिक 'छप्पन भोग' खिलाया गया।

भारत में वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए वनतारा ने जामनगर (गुजरात) में वनतारा यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा की है। यह दुनिया का पहला ऐसा वैश्विक विश्वविद्यालय होगा, जो पूरी तरह से वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन और वेटरनरी साइंसेज को समर्पित होगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की परिकल्पना अनंत अंबानी ने की है। इस विश्वविद्यालय का शैक्षणिक मॉडल आधुनिक विज्ञान और भारत की पारंपरिक ज्ञान परंपराओं का संगम होगा। इसे एक 'मॉडर्न डे गुरुकुल' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित करना भी होगा। इसके लिए स्कॉलरशिप्स और फेलोशिप प्रोग्राम्स की भी घोषणा की गई है। इस खास मौके पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

इस मौके पर एक बड़ी किताब के आकार का केक काटा गया, जो वन्यजीव संरक्षण और ज्ञान को समर्पित था


पिता मुकेश अंबानी के साथ अनंत


हाथियों को छप्पन भोग

### गुरुवायूर मंदिर गए, दिए करोड़ों रुपए दान

अनंत अंबानी ने पवित्र गुरुवायूर मंदिर का दौरा कर भगवान गुरुवायुरप्पन के दर्शन किए और भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर को 6 करोड़ का दान दिया। राजराजेश्वरम मंदिर के ऐतिहासिक पूर्व गोपुरम के पुनर्स्थापन के लिए भी अलग से 12 करोड़ देने का संकल्प लिया।

**एफटीएल से पचास मीटर दायरे के निर्माणों को हटाने में खानापूर्ति**

## डेढ़ महीने पहले बाउंड्री तोड़ी, निर्माण नहीं हटाने पर फिर दी मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फरवरी माह के आखिरी सप्ताह में जिला प्रशासन की टीम ने हलालपुरा स्थित अमीन ठेकेदार के गोडाउन की बाउंड्री तोड़कर दो दिन में निर्माण हटाने की हिदायत दी थी, लेकिन डेढ़ महीने बाद जब टीम पहुंची तो निर्माण जस का तस मिला। हद तो तब तो गई जब अफसर दोबारा से दो दिन की मोहलत देकर लौट आए। इधर, वायु रेस्टॉरेंट को तोड़ने के लिए जब टीम आगे बढ़ी तो निगम के अफसरों ने कहा कि इनकी सुनवाई बाकी है। इसके बाद टीम ने आनंद मोटर्स का 15 सौ वर्गफीट का निर्माण और रोशन बाई के दो टीन शेड ढहा दिए गए। अब तीन दिन बाद दोबारा से टीम अतिक्रमण हटाने पहुंचेगी।

*अफसरों का तर्क-सुनवाई पूरी होने के बाद ही तोड़ेंगे निर्माण*

*निजी निर्माणों को लेकर नगर निगम कर रहा सुनवाई*



हलालपुरा में एक मैरिज गार्डन को ढहाता निगम का अमला।

### 63 पक्के निर्माण और 121 झुग्गियां चिन्हित

बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह ने बताया कि सर्कल क्षेत्र में 63 पक्के निर्माण और 121 झुग्गियों को चिन्हित किया गया है। जिसके तहत 44 निजी निर्माणों को लेकर नगर निगम सुनवाई कर रहा है। जिसके तहत वीआईपी रोड किनारे सुपर बिल्डर के संचालक अशफाक द्वारा आलीशान लेक कोर्टयार्ड हाईट्स, मल्टीफेरियस कोचिंग मकान, पूर्व पार्षद माहिरा सलामुद्दीन के पति आजम के मकान का करीब 50 फीट हिस्सा पचास मीटर की जद में आ रहा है। लोक स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी का बंगला, बीड़ी कारोबारी राशिद और इम्तेयाज के बंगले, नशेमन बिल्डिंग, आगा अब्दुल कय्यूम के बंगले और एक अन्य मल्टी स्टोरी बिल्डिंग और हलालपुर स्थित क्रिसेंट क्लब का 50 मीटर हिस्सा अतिक्रमण में आ रहा है।

**सेना को मिली जमीन पर पक्का निर्माण**

तहसीलदार ने बताया कि खानूगांव में सेना को क्रीड़ा के लिए जमीन दी जानी है। जिसके लिए फर्श पर पक्का निर्माण किया गया है। इस संबंध में सुनवाई की जा रही है। इधर झुग्गीवासियों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के संबंध में भी विचार किया जा रहा है। अन्य सरकारी जगहों पर निर्माण के संबंध में सुनवाई के बाद निर्णय लिया जाएगा।



हलालपुरा में अतिक्रमण कार्रवाई का विरोध करते स्थानीय लोग।

### बोट क्लब पर 50 से ज्यादा अतिक्रमण

टीटी नगर क्षेत्र के बोट क्लब पर जॉक रेस्टॉरेंट, लहर रेस्टॉरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन में बनी 26 दुकानें, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कांपलेक्स, लहर जिम, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्टॉरेंट को अतिक्रमण में दर्ज किया है।

---

**जगह-जगह खुदी हैं सड़कें, कई जगह गंदगी और सीवेज का भराव भी**

## शहर में चल रहे तीन बड़े प्रोजेक्ट: धूल, गड्ढे, कचरे में आग जैसे मामले कहीं बिगाड़ न दें स्वच्छता सर्वे रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो का 10033 करोड़, एनएचएआई का 836 करोड़ और नगर निगम के अमृत 2.0 के 582 करोड़ से चल रहे हैं प्रोजेक्ट

निगम ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए उतारी हैं रोड स्वीपिंग मशीनें, सार्वजनिक शौचालय बनवाने जैसे काम किए हैं शुरू

राजधानी को देश में स्वच्छता में नंबर-वन लाने निगम प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। निगम आयुक्त खुद क्षेत्र में व्यवस्था देखेंगी तो वहीं निगम ने कचरा कलेक्शन में कई बदलाव किए हैं। इन दिनों शहर में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट मेट्रो का चल रहा है, जिससे रोड खुदे पड़े हैं, धूल, वायु प्रदूषण और जाम जैसे हालात से एक बड़ी आबादी परेशान है। जबकि अमृत 2.0 में सीवेज लाइनें बिछाने रोड के बीचों-बीच सड़कें खुदी पड़ी हैं, जिनके रेस्टोरेशन तक नहीं हो पा रहे हैं। उधर, अयोध्या बायपास टेन लेन का काम किया जा रहा है, वहीं 100 नई ई-बसों के संचालन की तैयारियां तो हो हैं, लेकिन सड़कें उनके लायक नहीं हैं। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण बीते सर्वेक्षणों से मुश्किलों भरा रहने वाला है। स्वच्छता सर्वेक्षण2025-2026 के लिए शहरी एवं विकास मंत्रालय से आने वाली टीम मई में आएगी, लेकिन निगम प्रशासन ने दिसंबर-25 से ही इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी थीं।

### प्रशासनिक तैयारी के लिए भी कार्ययोजना



सिंधी कॉलोनी से आरिफ नगर की रोड जर्जर हालत में है।

महापौर मालती राय लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर स्वच्छ शहर जोडी बैरसिया के साथ मुहिम से जुडी हैं। कचरा वाहन उपलब्ध करवाए हैं और जागरुकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। वे समीक्षा बैठक भी ले रही हैं, जबकि निगम आयुक्त ने खुद सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने का प्लॉन तैयार कर दिया है। स्वास्थ्य अमले की भी नए सिरे से जमावट कर दी है।



मेट्रो निर्माण की वजह से धूल उड़ती है ।

### भोपाल मेट्रो- 10033 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट: जाम, धूल और गडढों की समस्या

शहर के भदभदा, पुल बोगदा से रत्नागिरी, डीआईजी बंगला से करोंद जैसे व्यस्तम मार्ग पर मेट्रो निर्माण तेजी से चल रहा है, लेकिन यहां दिनभर धूल उडती है। जाम और खराब सड़कों से लोग परेशान हैं।

### टेन लेन बायपास-836 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट: धूल, जाम और लीकेज की समस्या

रत्नागिरी से गांधी नगर तक बाइपास को एनएचएआई द्वारा टेन लेन करने का काम चल रहा है। यहां पूरे दिन धूल उड़ती है। ट्रैफिक डायवर्ट तो किया गया है, लेकिन गड्ढों के कारण जाम से परेशानी का सामना करना पड रहा है।

### अमृत 2.0 के तहत 582 करोड़ का प्रोजेक्ट: बीचों-बीच खुदी पड़ी हैं सड़कें

नगर निगम के अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत शहर के कई क्षेत्रों में सीवेज लाइनें बिछाई जा रही हैं। इसके लिए एमपी नगर जैसे व्यवसायिक क्षेत्र में सीसी सडकें खोदी गई हैं, लेकिन उनका रेस्टोरेशन नहीं हो रहा हैं। सीवेज चैंबर भी नए बनाए जा रहे हैं, लेकिन धूल और ऊबड़-खाबड़ रोड से लोग आवाजाही करने को मजबूर हैं।

### निगम की यह है तैयारी

- ❑ भानपुर खंती में 16 एकड भूमि पर पार्क तैयार
- ❑ शहर में 430000 वर्गफीट में आर्टिस्टिक पेंटिंग
- ❑ 20 फाउंटेन बनवाए, 85 सुधरवाए जा रहे हैं
- ❑ डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए मॉनिटरिंग ऐप
- ❑ 400 टन सूखे कचरे से चारकोल की तैयारी
- ❑ 400 टन गीले कचरे से बायोगैस बनाने का अनुबंध
- ❑ स्वच्छ भारत मिशन के तहत 4 नए अल्ट्रा मार्डन गारबेज तैयार
- ❑ वायु प्रदूषण रोकने 4 रोड स्वीपिंग मशीनें रोड पर उतारीं

---

**किल्लत दूर करने पीएनजी पर फोकस**

## शहर की 170 कॉलोनियों में पीएनजी नेटवर्क, अब न्यू मार्केट तक बढ़ाएंगे



टाइम लिमिट की बैठक में मौजूद अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्तमान में नर्मदापुरम रोड से सुभाष नगर के आसपास की करीब 170 कॉलोनियों में पीएनजी का नेटवर्क पहुंच गया है। अब इसे बढ़ाकर न्यू मार्केट के आसपास वाले क्षेत्रों में बढ़ाया जाएगा, जिससे पीएनजी के ग्राहकों की तादाद को बढ़ाया जा सके। आने वाले तीन महीने में 75 हजार घरेलू गैस कनेक्शन करने का टॉरगेट रखा गया है। शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने टाइम लिमिट की बैठक रखी, जिसमें घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत को देखते हुए पीएनजी के नेटवर्क को बढ़ाने पर जोर दिया। इधर, गेहूं खरीदी को लेकर भी नियमित मॉनीटरिंग की हिदायत संभाग कमिश्नर ने अफसरों को दी।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चन्द्रभान सिंह जादौन ने बताया कि गेहूं खरीदी पर जरूरी व्यवस्थाएं रखी गई हैं, जिससे किसानों को परेशानी न हो। केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग, परिवहन, बारदाना स्टॉक और टाइम लिमिट में किसानों को राशि ट्रांसफर करने का इंतजाम किया गया है।

## 7 ट्रिप निरस्त रहेगी भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस

**भोपाल।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते के चलते भोपाल से संचालित ट्रेन भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त रहेंगे गाडी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 एवं 14. मई को यानी 7 ट्रिप निरस्त रहेगी। गाडी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 2, 3, 4, 7, 11, 12 एवं 13 मई को यानी 7 ट्रिप निरस्त रहेगी।

---

## मेट्रो निर्माण: जवाहर चौक से भारत माता चौराहा के बीच मार्ग रहेगा परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो निर्माण काम के चलते जवाहर चौक हनुमान मंदिर से भारत माता चौराहा के यहां से गुजरने वाले वाहनों को अब परिवर्तित मार्ग से निकलना होगा। जारी सूचना के अनुसार डिपो चौराहा से जवाहर चौक तक के मार्ग के मध्य स्थित हनुमान मंदिर से जवाहर चौक की ओर जाने वाला एक तरफ का मार्ग (वन लेन) परिवर्तित रहेगा। इस दौरान जवाहर चौक से डिपो चौराहा तक जाने वाला एक तरफ का मार्ग (वन लेन) पूर्व की भांति आवागमन के लिए खुला रहेगा।

### यह रहेगा डायवर्सन प्लान

- ❑ सभी प्रकार के वाहनों के लिए-डिपो चौराहा से हनुमान मंदिर होकर जवाहर चैक जाने वाले वाहन हनुमान मंदिर से लेफ्ट लेकर पानी की टंकी, अटल पथ स्मार्ट रोड होकर जवाहर चौक की ओर जा सकेंगे।
- ❑ जवाहर चौक से डिपो चौराहा जाने वाले वाहन पूर्व की भांति आवागमन कर सकेंगे।

**एम्स में फ्री क्लीनिकल ऑटोप्सी शुरू**

## डेढ़ घंटे में साफ हो जाएगी गर्भवस्था के दौरान हुई महिला की मौत की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्भावस्था या प्रसव के दौरान महिला की मौत होने पर अब वैज्ञानिक तरीके से कारणों की पहचान की जाएगी। एम्स भोपाल ने क्लिनिकल ऑटोप्सी की नई सुविधा शुरू की है, जो पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें पुलिस की कोई भूमिका नहीं रहती। अक्सर गर्भवती महिलाओं की मौत के मामलों में सही कारण स्पष्ट नहीं हो पाता। इससे न तो परिवार को सच्चाई मिलती है और न ही सिस्टम में सुधार के लिए ठोस आधार बन पाता है। अब क्लिनिकल ऑटोप्सी के जरिए शरीर के जरूरी हिस्सों की जांच कर बीमारी, जटिलता या अन्य कारणों की सटीक पहचान की जाएगी। यह प्रक्रिया मेडिको-लीगल ऑटोप्सी से अलग है, क्योंकि इसमें पुलिस की जरूरत नहीं होती और यह परिवार की सहमति से की जाती है। एम्स में यह जांच करीब डेढ़ घंटे में पूरी हो जाती है। डॉक्टर केवल आवश्यक ऊतकों की जांच करते हैं और बाद में शरीर को पहले जैसा ही सुरक्षित कर दिया जाता है। चेहरे या शरीर की बनावट पर कोई असर नहीं पड़ता और पूरी प्रक्रिया गरिमा के साथ पूरी की जाती है।

### परिवार को पता चलेगी सच्चाई

ऑटोप्सी के बाद डॉक्टर हिस्टोपैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के आधार पर रिपोर्ट तैयार करते हैं, जो कुछ ही दिनों में परिजनों को सौंप दी जाती है। इससे परिवार यह समझ पाता है कि मौत किन कारणों से हुई और इलाज में कोई चूक तो नहीं रही। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि सरकार को मातृ मृत्यु के मामलों का सटीक और प्रमाणिक डेटा मिलेगा।

## कोहेफिजा में युवतियों पर लपके स्ट्रीट डॉग छतरी से किया बचाव

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा में पैदल जा रहीं दो युवतियों पर स्ट्रीट डॉग के लपकने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें युवतियों पर स्ट्रीट डॉग लपक रहे हैं। युवतियां हाथ में छतरी लिए थीं, जिससे वे उन्हें भगाती नजर आ रही हैं। क्षेत्र के डॉग स्क्वॉड प्रभारी राजीव सक्सेना का कहना है कि इस तरह का कोई भी मामला प्रकाश में नहीं आया है। वहीं उन्होंने बताया कि जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है वो पुराना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निगम का डॉग स्क्वॉड अमला लगातार उन्हें पकड़ने की कार्रवाई कर रहा है।






---

**आंगनबाड़ियों में पांच थीम पर चल रहा जागरुकता अभियान**

## एप से बच्चों की कैलोरी-प्रोटीन की मॉनिटरिंग, बनाए ग्रीन-ऑरेंज जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में 9 से 23 अप्रैल तक 15 दिनी पोषण पखवाड़ा अभियान चल रहा है। आंगनबाडी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों एवं महिलाओं को जोड़ रही हैं। शुक्रवार को हरिभूमि ने बागमुगलिया स्थित दो आंगनबाडी केंद्रों पर जाकर पोषण पखवाड़ा अभियान का जायजा लिया। नई बस्ती स्थित आंगनबाडी केंद्र की कार्यकर्ता पूनम चौहान ने बताया कि अभियान जोर-शेर से चलाया जा रहा है। बच्चों व महिलाओं को तिरंगा थाली से स्वस्थ व सही पोषण की जानकारी देते हैं। जैसे केसरिया के जरिए सभी दालों की महत्वता बताते है। गेहूं, सत्तू, बाजरा व अन्य प्रकार के आटे को सफेद रंग से जोड़कर समझाया जाता है। हरे रंग से हरी सब्जियों के बारे में बताने में मदद मिलती है। तिरंगा थाली से लोगों को आसान भाषा में पोषण की जानकारी देना आसान हो गया है।

तिरंगा थाली के माध्यम से स्वस्थ व सही पोषण की दे रहे जानकारी

पोषित व्यंजन का संदेश, जंक फूड पर वार के साथ लर्न बाय फन से सीख

### 89 बच्चे रजिस्टर्ड हैं, रोज मिलता है नाश्ता



आंगनबाड़ी में बच्चों को समझातीं सहायिका।

आंगनवाडी में 89 बच्चे रजिस्टर्ड हैं, 20 रोज आते हैं। प्रति बच्चे 100 ग्राम नाश्ता और 150 ग्राम भोजन दिया जाता है। नई बस्ती स्थित एक अन्य आंगनवाड़ी कार्याकर्ता ममता प्रजापति ने बताया कि 6 माह से बच्चे पोषण लेना शुरू करते हैं। इसलिए माताओं को बच्चों की कैलोरी मेजरमेंट व मैनेज करने की जानकारी दे रहे हैं। बिजली केबल टूटने के कारण आंगनवाडी में बिजली नहीं है, लेकिन फिर भी पोषण पखवाड़ा अभियान चला रहे हैं। इसलिए बच्चे पोषण आहार लेने के बाद घर चले जाते है। हफ्ते में एक बार महिलाओं-बच्चों को सत्तू, दलिया, चावल, सोयाबीन वाला रेडी टू ईट होम राशन टीएचआर के पैकेट वितरण भी हो रही है।

**पोषण आहार में हलवा, उपमा, कड़ी पकौड़ा**

बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार में हलवा, मीठी लाप्सी, नमकीन दलिया, उपमा, खिचड़ी, कड़ी पकौड़ा सांभर-चावल दिया जाता है। नाश्ते और भोजन के मेन्यू में रोज बदलाव होता है। स्वसहायता समूह नाश्ता-भोजन बनाकर भेजते हैं। इसमें 500 ग्राम कैलोरी, 15 ग्राम प्रोटीन, कुपोषित को ज्यादा कैलोरी-प्रोटीन दिया जाता है। आंगनबाड़ी में कुपोषित बच्चों के लिए 800 ग्राम कैलोरी व 25 ग्राम प्रोटिन अनिवार्य है। बच्चों की निगरानी के लिए ग्रीन व आरेंज जोन हैं।

### पोषण पखवाड़ा अभियान की पांच थीम

- ❑ माँ एवं बच्चे का पोषण
- ❑ बच्चे का प्रारंभिक मस्तिष्क विकास
- ❑ प्रारंभिक वर्षो में खेल आधारित शिक्षा
- ❑ बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करना
- ❑ आंगनवाडी केंद्रों को मजबूत बनाना

# मप्र में असुरक्षित वन अमलाः कहीं पिटाई, कहीं कुचलकर हत्या, रेत और लकड़ी माफिया हावी, संसाधनों की कमी और राजनीतिक, प्रशासनिक संरक्षण के आरोपों से हालात गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में जंगलों की सुरक्षा करने वाला वन अमला खुद असुरक्षा के साये में है। रेत और लकड़ी माफिया के बढ़ते हौसलों के बीच वनकर्मियों पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि कहीं वनकर्मियों की पिटाई हो रही है, तो कहीं उन्हें वाहनों से कुचलकर मार दिया जा रहा है। ताजा मामला मुरैना का है, जहां दो दिन पहले रेत माफिया ने वनरक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल दिया।

जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पहले भी शहडोल में लकड़ी माफिया द्वारा वन टीम को बंधक बनाकर पीटने की घटना भी सामने आ चुकी है, जिसमें रेंजर और डिप्टी रेंजर घायल हुए थे।

### खास बातें

- डंडों के सहारे सशस्त्र माफिया का सामना करना जोखिम भरा
- मुरैना में दो दिन पहले रेत माफिया ने वनरक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचला था



फाइल फोटो।

### वन विभाग के आंकड़े

- हर साल 20-30 हमले, कई ने गंवाई जान
- हर साल वनकर्मियों के साथ मारपीट के 20-30 मामले दर्ज
- पिछले तीन वर्षों में आधा दर्जन से अधिक वनकर्मियों की मौत
- वन अमले को बंधक बनाकर पीटा, कुचलने की कोशिश
- इन जिलों में माफिया सक्रिय
- चंबल क्षेत्र (मुरैना, भिंड): रेत माफिया
- शहडोल, बालाघाट, बैतूल: लकड़ी/टिम्बर माफिया
- भोपाल, शिवपुरी, सागर, छतरपुर: खनिज, अतिक्रमण माफिया
- छिंदवाड़ा, गुना, रायसेन, विदिशा: मिश्रित माफिया गतिविधियां

### वन विभाग के अमले में भारी आक्रोश और भय का माहौल

घटना के बाद वन विभाग के अमले में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। वनकर्मियों का कहना है कि उन्हें बिना पर्याप्त हथियार और संसाधनों के माफिया से मुकाबला करना पड़ता है। डंडों के सहारे सशस्त्र माफिया का सामना करना जोखिम है। आरोप हैं कि राजनेताओं और अफसरों का झुकाव माफिया की ओर होने से मनोबल और बढ़ रहा है।

### एसएएफ बटालियन की मांग लेकिन नहीं मिली मदद

मुरैना वन मंडल ने रेत माफिया से निपटने के लिए विशेष सशस्त्र बल की तीन बटालियन की मांग की है। एपीसीसीएफ अमित दुबे के मुताबिक इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को कई बार पत्र भेजे गए, लेकिन अब तक न बल मिला और न ही कोई जवाब आया।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने पानी के संतुलित उपयोग का किया आह्वान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संसाधन दिवस पर प्रदेशवासियों से जल के संरक्षण, संवर्धन और संतुलित उपयोग के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। जल केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि सृष्टि का सार भी है। इसकी हर बूंद में हम सबके भविष्य की सुरक्षा और समृद्धि का संदेश निहित है। जल संरक्षण के लिए हमारा साझा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करेगा।

### भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का आज सागर में अनावरण

**भोपाल।** भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण आज 11 अप्रैल को दोपहर बारह बजे सागर के अटल पार्क परिसर में होने जा रहा है। सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व राजनेता रघु ठाकुर की पहल से नगरपालिका निगम ने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापना के लिए अटल पार्क में स्थान सुरक्षित किया है। प्रतिमा का अनावरण मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी, मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की उपस्थिति में होगा। समारोह की अध्यक्षता रघु ठाकुर करेंगे।

## कृषि क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

# कृषि लोकरंग से किसानों के जीवन में आएगा उत्सव और सम्मान का नया रंगः मुख्यमंत्री

*किसान अन्नदाता होने के साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सुरक्षित भविष्य का आधार स्तंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषि हमारी जीवन संस्कृति का मूल आधार है। किसान अन्नदाता होने के साथ हमारी संस्कृति, परम्पराओं और सुरक्षित भविष्य का आधार स्तम्भ हैं। किसान अपने परिवार के लिए ही नहीं, पूरे समाज के लिए अन्न का उत्पादन करता है। किसान मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का भी उदर-पोषण करता है। ऐसे अन्नदाता के जीवन में आनंद और उत्सव का संचार करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है।

कृषि लोकरंग-2026 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में प्रदेश में कृषि लोकरंग -2026 आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन किसानों के जीवन, उनकी पुरा परम्पराओं और कृषि संस्कृति का जीवंत उत्सव बने। उन्होंने कहा कि जो दिन-रात अथक श्रम-साधना कर सबके उदर पोषण की चिंता करता है, उसके परिश्रम से भरे जीवन में खुशियों के सुनहरे रंग भरना हम सबका कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि लोकरंग में किसानों और आमजन की सहभागिता बढ़ाने के लिए कृषि क्विज प्रतियोगिता जैसे नवाचार किए जाएं।

**डॉ. मोहन ने की कृषि लोकरंग आयोजन की तैयारियों की समीक्षा**



बैठक में मंत्री शाह और अधिकारियों से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

### लोकरंग में राज्य, संभाग एवं जिलास्तर पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वर्ष हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और कृषि को लाभकारी बनाने के साथ ही किसानों के जीवन में आनंद लाना भी है। इसीलिए हम सब मिलकर इस वर्ष को किसानों के आनंद के वर्ष के रूप में मनाएंगे, जिससे किसान सिर्फ आर्थिक रूप से नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी खुद को सम्मानित महसूस करें। इसके लिए लोकरंग के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा संभाग एवं जिलास्तर पर सर्व लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी सहित कवि सम्मेलन जैसे आयोजन भी किए जाएं।

### कृषि लोकरंग के दौरान विभिन्न प्रकार के नवाचार होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय निकायों द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले लगाए जाते हैं। कृषि लोकरंग के आयोजन में स्थानीय निकायों के मेलों का भरपूर सहयोग लिया जाए। इन मेलों के साथ क्लब कर किसानों के साथ आमजन को भी सरकार की ओर से किसानों के कल्याण और कृषि के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी रोचक तरीके से दी जाए। कृषि लोकरंग के दौरान विभिन्न प्रकार के नवाचार और प्रयोग भी किए जा सकते हैं, जिससे किसानों को कुछ नया करने की प्रेरणा और दिशा मिले।

### प्राकृतिक खेती के उत्पाद बेचने वाले होंगे सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज के दौर की बड़ी जरूरत है। प्रदेश में ऐसे नवाचारी किसान, जिन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाकर नई राह चुनी है और फिलहाल बड़ी मात्रा में प्राकृतिक उत्पाद बेचकर अपनी पहचान बनाई है, ऐसे सभी किसानों को गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह में सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाए। इसके अलावा ऐसे किसानों के लिए राज्य एवं संभाग स्तर पर भी सम्मान समारोह आयोजित किए जाएं। स्थानीय निकायों के मेलों के साथ क्लब कर कृषि लोकरंग मनाया जाए।

### बालाघाट में आगामी माह में होगा जनजातीय महोत्सव

## नक्सल उन्मूलन के बाद बालाघाट जिले में तेज करें विकास की गति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सल उन्मूलन के बाद विकास की गति को और तेज किया जाएं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों एवं प्रचार की गई कार्य योजना के फलस्वरूप प्रदेश से नक्सल तत्वों पर पूर्ण नियंत्रण में सफलता मिली है। नक्सलवाद की समस्या से बरसों प्रभावित रहे बालाघाट जिले सहित अन्य प्रभावित स्थानों पर अब तीव्र गति से कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समत्व भवन में बालाघाट में होने वाले जनजातीय महोत्सव के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, मुख्य सचिव अनुराग जैन आदि बैठक में मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय महोत्सव में सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के साथ ही विभाग स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शिविर आयोजित करें। धरती आबा अभियान में हितग्राहियों को लाभान्वित करने और स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र में मेगा स्वास्थ्य शिविर और सिकल सेल स्क्रीनिंग का कार्य किया जाए।

### महोत्सव में जनजातीय संस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा सुविधाओं के विस्तार, महिलाओं और बच्चों के कल्याण, रोजगार प्रदान करने, दिव्यांग नागरिकों को हित लाभ प्रदान करने और पूर्व वर्षों में नक्सल गतिविधियों के कारण प्रभावित हुए परिवारों की आवश्यक सहायता के लिए कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने एक बगिया मां के नाम कार्यक्रम के तहत गतिविधियों के आयोजन, आराधना स्थलों पर सुविधाओं के विकास के कार्य भी किए जाएं। जनजातीय संस्कृति विशेषकर बैगा समुदाय से जुड़े लोक नृत्यों, खेतों में बोवनी के कार्य से पूर्व आयोजित किए जाने वाले बिदरी, बीज पंडूम और बड़ा देव पूजा के कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। महोत्सव में जनजातीय संस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोरा दौड़, मटका रेस, तीरंदाजी स्पर्धाएं भी होंगी।

### कोदो कुटकी और महुआ आदि से बने पारम्परिक व्यंजनों के फूड स्टॉल लगेंगे

बैगा महिलाओं की विशिष्ट गोदाना कला के प्रदर्शन और कार्यशाला के साथ कोदो कुटकी और महुआ आदि से बने पारम्परिक व्यंजनों के फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। पारम्परिक जड़ी-बूटियों की जानकारों और औषधीय ज्ञान रखने वालों का सम्मेलन प्रस्तावित है। स्व-सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। बालाघाट के साथ ही निकटवर्ती जिलों और छत्तीसगढ़ से भी जनजातीय समाज इस महोत्सव में भागीदारी करेगा। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में होने जाने वाली गतिविधियों और विभागों कग सहभागिता की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि जनजातीय महोत्सव में स्वास्थ्य, जनजातीय कार्य, गृह और जनसम्पर्क समेत अन्य विभागों की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाएगा।

### कई जेडओ और वार्ड प्रभारी रहे नदारद

## राजस्व वसूली और नामांतरण को लेकर निगम आयुक्त ने ली बैठक

**वार्ड प्रभारियों को दी हिदायत- काम में न करें लापरवाही, स्थल निरीक्षण करें**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शुक्रवार को शहर के 85 वार्डों के वार्ड प्रभारी और 21 जोन के जोनल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कई जोनल अधिकारी और वार्ड प्रभारी बैठक से नदारद रहे।

जैन ने अधिकारियों को नामांतरण के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने और नामांतरण के पूर्व पोर्टल से जानकारी प्राप्त कर स्थल निरीक्षण कर रजिस्टर्ड दस्तावेज के साथ परिवार की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात ही नामांतरण की कारवाई करने की बात कही। उन्होंने राजस्व वसूली व अन्य कामों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिए कि नामांतरण से संबंधित सभी जोनों के प्रकरणों का सप्ताह में एक बार प्रकाशन कराया जाए। सूत्रों के अनुसार जो जोनल अधिकारी और वार्ड प्रभारी बैठक में मौजूद नहीं थे उन पर गाज गिर सकती है।

## युवा कांग्रेस के जोनल इंचार्ज घोषित, सूची पर फूटा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय युवा कांग्रेस ने मध्यप्रदेश प्रदेश उपाध्यक्षों को जोनल इंचार्ज बनाते हुए विभिन्न जिलों का प्रभार सौंपा है। 7 नेताओं की इस लिस्ट में सिर्फ दो महिला प्रभारी बनाई गईं हैं। इस सूची के जारी होते ही संगठन के भीतर असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष स्वीटी पाटिल ने एक वीडियो जारी कर नेतृत्व पर महिलाओं की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है।

युवा कांग्रेस से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्षों और उपाध्यक्षों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। इस लिस्ट में स्वीटी पाटिल को रतलाम और आगर जिले का प्रभार दिया है। स्वीटी पाटिल ने कहा कि अभी जो लिस्ट आई है उसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि बोला कुछ और जा रहा है किया कुछ और जा रहा है। अभी भोपाल में हमारे राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा आए थे। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और आरक्षण की बात कही थी, ओबीसी की बात कही थी। तब मुझे बड़ी खुशी मिली थी।

स्वीटी ने कहा कि मैं यूथ कांग्रेस में प्रदेश उपाध्यक्ष हूं। महिला होने के नाते मुझे बहुत अच्छा लगा था कि हमारा वरिष्ठ नेतृत्व तो इस तरह की बातें करते हुए हमें अधिकार दे रहा है। जब ऐसी चीज होती हैं तो बड़ी खुशी होती है लेकिन, आज जब मैंने लिस्ट देखी उसे लिस्ट को और उन बातों को अगर मैं कंपेयर करूं तो बहुत गलत हुआ है। इस लिस्ट के अनुसार तो महिलाओं को तो कोई अधिकार ही नहीं मिल रहे। जहां महिलाओं के आरक्षण की बात हो रही है ओबीसी की बात हो रही है और लिस्ट को देखकर लग रहा है कि सब विपरीत हो रहा है ऐसा क्यों? यह हमारे प्रभारी से पूछना चाहती हूं।

*भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से चर्चा कर अधिकारियों को दिए निर्देश*

## मंत्री संपतिया ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याओं का किया त्वरित समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री संपतिया उइके ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया।

जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को बारीकी से समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

### जितेंद्र एवं आशुतोष को मिली सराहना

## एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों की केस स्टडी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों द्वारा तैयार एक तकनीकी केस स्टडी प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, वाटर एंड एनर्जी इंटरनेशनल में प्रकाशित हुई है। इसकी व्यापक सराहना इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र मे देश-विदेश के नामी विशेषज्ञों ने भी की है। एमपी ट्रांसको के इंजीनियर जितेंद्र तिवारी एवं इंजीनियर आशुतोष राय द्वारा तैयार की गई यह स्टडी केस 35 वर्ष से अधिक पुराने ट्रांसमिशन लाइनों में बिजली गिरने से होने वाली समस्याओं के समाधान पर आधारित है। इसमें स्पेशल पिट आधारित अर्थिंग तकनीक के माध्यम से टॉवर फुटिंग इम्पीडेंस कम करने और फॉल्ट क्लियरिंग समय सुधारने का सफल प्रयोग प्रस्तुत किया गया है। इससे ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता और विश्वसनीयता में सुधार होता है।

## नगर परिषद नागौद की मतदाता सूची का प्रकाशन 7 मई को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगर परिषद नागौद जिला सतना के रिक्त पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है।

मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 7 मई को होगा। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 13 अप्रैल को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगरपालिका वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 17 अप्रैल को किया जायेगा। दावा आपत्ति केन्द्र पर दावे आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 17 से 25 अप्रैल तक रहेगी। निराकरण की अंतिम तिथि 2 मई 2026 है। अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 7 मई को किया जाएगा।

## स्वच्छता के सारथियों के स्वास्थ्य और सम्मान को समर्पित रही स्वच्छता स्वाभिमान कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के नगरीय क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में 'स्वच्छता के प्रहरियों' के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कार्य स्थल पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के सफाई मित्रों के लिए स्वच्छता स्वाभिमान कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्चुअली आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों को उनके दायित्व निर्वहन के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और सुरक्षा मानकों के पालन के लिए प्रशिक्षित करना रहा। कार्यशाला के मुख्य वक्ता गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. प्रो. एसके पटने (एमडी पीएसएम) उपस्थित रहे।

### मुझे जनता की बात करनी है वो करूंगाः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# पीसीसी चीफ पटवारी ने भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के घर के सामने धरना देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में गेहूं खरीदी को लेकर लगातार राजनीति हो रही है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर के सामने धरना देने का ऐलान किया है।



जीतू पटवारी ने कहा- जहां तक उपवास की बात है, उपवास तो मुझे आपने सिखाया। आप प्रधानमंत्री के खिलाफ उपवास पर जाते थे। आपने जो एक देश का, केंद्र का और राज्य का जो शिष्टाचार और परंपरा है उसको आपने तोड़ा। स्वर्गीय मनमोहन सिंह को उपवास की कहानी बता बताकर अपमानित किया। तो मैं उपवास करूंगा। पूरी कांग्रेस पार्टी उपवास करेगी। शिवराज जी जब आप रहोगे भोपाल में, उसी दिन आपके घर के सामने बैठूंगा। चिंता मत करें। जीतू पटवारी ने कहा- अगर खाद्य मंत्री बारदाने की व्यवस्था करते हैं तो शिवराज जी क्या करते हैं? दूसरी बात यह है कि शिवराज जी जब यह कहते हैं कि हम उनके यहां पूछ कर आएं। मैंने हर हफ्ते उनसे समय मांगा। जब आखिरी में 100 हफ्ते हुए तब उनके घर गया था। मैं मप्र कांग्रेस का जिम्मेवार अध्यक्ष भी हूं। मुझे जनता की बात आपसे करनी है वो करूंगा। आप इसको गंभीरता से नहीं लेते हैं। तब मुझे जाकर इस तरह के एक्शन करने पड़ते हैं।

### *मैं कृषि मेले में जाना चाहता हूं: जीतू*

*जीतू ने कहा कि हम मीडिया से बात करके उनको बताते हैं कि हम आने वाले हैं। हम आवेदन देते हैं, हम उनसे अनुरोध करते हैं वे तब बुलाते नहीं है। मैं फिर उनको कह रहा हूं कि मैं कृषि मेले में जाना चाहता हूं। क्या केंद्रीय कृषि मंत्रालय जिसने ये मेला रखा है क्या मुझे बुलाने की कोशिश करेगा? मुझे समय देने की कोशिश करेगा? मैं मेला में जाना चाहता हूं। मैं किसान का भी बेटा हूं।*

## इंदौर कांग्रेस पार्षद नेत्रियों के बयान का विरोध, भाजपा ने प्रदर्शन कर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में कांग्रेस की दो पार्षद नेत्रियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर दिए गए बयान का विरोध शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी इंदौर द्वारा शुक्रवार को नगर के सभी 85 वार्डों में कांग्रेस का पुतला दहन कर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया।

इंदौर के विभिन्न वार्डों में प्रमुख स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन तिरंगा ध्वज लेकर पहुंचे, जहां पुतले को जूते-चप्पलों से पीटकर दहन किया। इसके बाद जनसमुदाय ने वंदे मातरम का नारा बुलंद किया।

इस दौरान पार्टी के जिला पदाधिकारियों ने कहा कि देश भर में कांग्रेस नेताओं द्वारा बार-बार राष्ट्रभावनाओं को आहत करने वाले कृत्य किए जा रहे हैं, जिन्हें किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कांग्रेस वास्तव में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सम्मान करती है, तो संबंधित दोनों पार्षद नेत्रियों को तत्काल प्रभाव से निष्कासित करना चाहिए।

डॉ. पीडी सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्रथम स्थान

# पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया, फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

**यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणामः आचार्य बालकृष्ण**




वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डॉ. पी.डी. सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर बताया कि डॉ. पी.डी. सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार देश में एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। इस मंच पर लगातार दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है, और यह संस्थान की सुदृढ़ वैज्ञानिक आधारशिला को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आंवला पर किए गए इन्हीं शोध के आधार पर भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा भी संस्थान को पिछले वर्ष 10वें अंतरराष्ट्रीय वेस्ट टू वर्थ सम्मेलन एवं 4आर अवार्ड्स 2025 संस्करण में अवॉर्ड ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया था। ज्ञात हो कि आंवला बीज के तेल पर किए गए इन शोधों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। प्रतिष्ठित एल्सेवियर प्रकाशन ने पतंजलि के दोनों शोधों को एक साथ अपने शोध पत्रिका, 'अनुप्रयुक्त खाद्य अनुसंधान' के अंक में भी स्थान दिया था।

वीआईटी चेन्नई ने अपना विश्वविद्यालय दिवस मनाया

# शिक्षा न केवल व्यक्तियों,परिवारों को, बल्कि समाज, राज्य और राष्ट्र को समग्र रूप से ऊपर उठाती हैः डॉ. विश्वनाथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेल्लोर

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), चेन्नई ने अपना विश्वविद्यालय दिवस मनाया। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिनोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहे। वीआईटी चेन्नई के पूर्व छात्र मेजर वैभव चौरसिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वीआईटी के संस्थापक और कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जीवी सेल्वम की उपस्थिति में की। इस मौके पर विनोद कुमार ने छात्रों को तेजी से बदलती दुनिया के लिए खुद को तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने चुनौतियों पर काबू पाने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए निरंतर प्रयास और अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने


कार्यक्रम

अंतिम उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए नवाचार की आवश्यकता पर भी बल दिया।

उन्होंने कहा कि हमेशा इस बात को ध्यान में रखें कि बैंकिंग में हम सोचते हैं कि हम ग्राहकों का जीवन कैसे आसान बना सकते हैं। मैं इस बात पर जोर दे रहा हूं क्योंकि इससे आपको अपने भीतर पूर्णता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। ज्ञान और चरित्र की भूमिका पर जोर देते हुए बिनोद कुमार ने कहा कि ज्ञान ही वह चीज है जो आपको स्वयं को संवारने में मदद करती है। मेजर वैभव चौरसिया ने छात्रों से अपने परिवेश से प्रेरणा लेने और सकारात्मक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों से दृढ़ रहने और आत्मविश्वास बनाए रखने का आग्रह किया। अध्यक्षीय भाषण में, डॉ. जी. विश्वनाथन ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्तियों और परिवारों को, बल्कि समाज, राज्य और राष्ट्र को समग्र रूप से ऊपर उठाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच और ज्ञान आधारित आर्थिक विकास पर निर्भर करता है। कार्यक्रम में वीआईटी चेन्नई के प्रो-वाइस चांसलर प्रो.टी.त्यागराजन, वीआईटी चेन्नई के निदेशक प्रो. के. सत्यनारायणन और वीआईटी चेन्नई के अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रो. पी.के. मनोहरन भी उपस्थित थे।

## यूरोकिड्स ने पूरे देश में समर क्लब-2026 का शुभारंभ किया

**मुंबई** । प्रीस्कूल ब्रांड यूरोकिड्स प्रीस्कूल ने अपने समर क्लब-2026 के शुभारंभ की घोषणा की है। यह 21 दिवसीय कार्यक्रम देशभर के 2,000 से अधिक केंद्रों में 2 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को डिजाइन थिंकिंग से परिचित कराएगा। डिजाइन टेल्स थीम पर आधारित यह कार्यक्रम कहानी-आधारित समस्या-समाधान का उपयोग करके बच्चों में शुरुआती वर्षों से ही सहानुभूति, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच का विकास करता है। ये ऐसे कौशल हैं जिन्हें भविष्य के लिए तेजी से आवश्यक माना जा रहा है। यह कार्यक्रम यूरोकिड्स के ह्यूरेका पाठ्यक्रम पर आधारित है, जिसे हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोजेक्ट जीरो और एनईपी-2020 के अनुरूप विकसित किया गया है, और इस गर्मी में देश भर के हजारों बच्चों को इससे जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कार्यक्रम दो अलग-अलग आयु समूहों के लिए तैयार किया गया है। घुमक्कड़ (2-4 वर्ष) और खोजकर्ता (4-6 वर्ष) प्रत्येक के लिए पाठ्यक्रम उनके विकासात्मक चरण के अनुसार तैयार किया गया है।

इफको के अध्यक्ष संघाणी ने 5 नैनो प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाई

# इफको द्वारा देशव्यापी एकीकृत नैनो उर्वरक जागरूकता महाअभियान की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इफको (इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड), भारत की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था ने औपचारिक रूप से इफको नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान का शुभारंभ किया। यह एक व्यापक एकीकृत राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान है जिसका उद्देश्य भारतीय किसानों के बीच नैनो उर्वरकों को अपनाने को प्रोत्साहित करना है। लॉन्च कार्यक्रम इफको सदन, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें इफको के माननीय अध्यक्ष श दिलीप संघाणी ने उद्घाटन किया। इफको के प्रबंध निदेशक के. जे. पटेल ने भी इस अवसर पर अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से आरंभ हुआ है और 'आत्मनिर्भर भारत' तथा 'सहकार से समृद्धि' के राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप है। इस पहल को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा का भी विशिष्ट समर्थन प्राप्त है। भारत के राजपत्र के उर्वरक नियंत्रण आदेश में नैनो एनपीके लिक्विड (8-8-10) और नैनो एनपीके ग्रेन्युलर (20-10-10) की ऐतिहासिक अधिसूचना को भारत की कृषि नवाचार यात्रा में



जागरूकता अभियान

एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया। उन्होंने आगे कहा कि कोयंबटूर स्थित इफको-नैनोवेंशन्स में इफको का इनोवेशन हब और ब्राजील में आगामी नैनो उर्वरक विनिर्माण संयंत्र जो जून 2026 तक चालू होने के लिए तैयार है कृषि के लिए नैनोतकनीक में भारत की बढ़ती वैश्विक क्षमता का प्रमाण हैं। इस मौके इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने कहा कि भारत आज उस ऐतिहासिक संगम पर खड़ा है जहां परंपरा और तकनीक मिलती हैं और यही संगम भारतीय कृषि को एक नई दिशा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि गाँवों और किसानों से प्रवाहित होनी चाहिए, और 'आत्मनिर्भर भारत' तभी साकार हो सकता है जब किसान सशक्त और समृद्ध हो।

**नई तकनीक और संसाधन पहुंचाने का माध्यम बन रही**

उन्होंने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र जिसके तहत सहकारी संस्थाएं किसानों तक नई तकनीक और संसाधन पहुंचाने का माध्यम बन रही हैं इस अभियान की भावना को पूर्णतः प्रतिबिंबित करता है और सही मायने में आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर कृषि के सार को समाहित करता है। संघाणी ने नैनो उर्वरक क्रांति को भारतीय कृषि के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण बताया। उन्होंने स्मरण दिलाया कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने व्यक्तिगत रूप से नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को भारत के कृषि क्षेत्र के लिए एक 'गेम-चेंजर' और प्राकृतिक खेती की ओर एक मार्ग के रूप में समर्थन दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नैनो यूरिया प्लस की एक 500 मिली की बोतल पारंपरिक यूरिया की तुलना में कहीं बेहतर पोषक तत्व दक्षता प्रदान करती है, साथ ही मृदा स्वास्थ्य क्षरण, जल प्रदूषण और भारत की उर्वरक आयात निर्भरता की गंभीर चुनौतियों को भी संबोधित करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नैनो उर्वरक कोई अस्थायी उपाय नहीं हैं ये एक स्थायी, वैज्ञानिक रूप से सिद्ध समाधान हैं जो कम लागत, अधिक उत्पादकता, स्वस्थ मिट्टी और सार्थक पर्यावरण संरक्षण प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये उत्पाद सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत करेंगे, जिसमें पीएसीएस और सहकारी नेटवर्क उनके वितरण और किसान शिक्षा में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

ओलेक्ट्रा का बड़ा कदम

# नई ब्रांड पहचान से ग्रीन मोबिलिटी पर फोकस तेज

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

देश की अग्रणी इलेक्ट्रिक बस निर्माता ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने नई ब्रांड पहचान पेश की है। इसके साथ कंपनी ने खुद को इलेक्ट्रिक बस निर्माता से आगे बढ़ाकर मोबिलिटी और एनर्जी सॉल्यूशंस देने वाली इनोवेशन-ड्रिवन कंपनी के रूप में स्थापित करने की दिशा तय की है।

Olectra
Transforming Everyday

कंपनी ने हर दिन को बदलना है, टैगलाइन अपनाई है, जो रोजमर्रा की यात्रा को आसान और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। नई रणनीति प्रैगमैटिक फ्यूचरिज्म, एक्सेसिबल इनोवेशन और ट्रस्टेड गाइड जैसे स्तंभों पर आधारित है। पहला है व्यावहारिक भविष्यवाद यानी भविष्य की सोच लेकिन जमीन से जुड़ी हुई। दूसरा है सुलभ नवप्रवर्तन यानी ऐसा नवाचार जो हर किसी के लिए उपयोगी हो। तीसरा है विश्वसनीय मार्गदर्शक यानी भरोसेमंद मार्गदर्शक बनना। ये सिद्धांत कंपनी के काम और बाजार में उसकी भूमिका को तय करते हैं। प्रबंध निदेशक महेश बाबू ने कहा कि यह बदलाव कंपनी की दीर्घकालिक सोच और विकास की दिशा को दर्शाता है। ओलेक्ट्रा के 3,600 से अधिक ईवी देशभर में चल रहे हैं और 10 हजार से ज्यादा ऑर्डर पाइपलाइन में हैं, जिससे कंपनी ग्रीन ट्रांसपोर्ट को नई रफ्तार देने के लिए तैयार है।

## बिजनेस न्यूज

### पीपुल्स डेंटल अकादमी का 16वां दीक्षांत समारोह संपन्न




**भोपाल।** पीपुल्स यूनिवर्सिटी के अंतर्गत पीपुल्स डेंटल अकादमी का 16वां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. मधबानंद कर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एंड सीईओ एम्स भोपाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. हरीश राव द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रो-चांसलर मेघा विजयवर्गीय किसी आवश्यक कार्यवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकीं, किंतु उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से अपना विशेष संदेश प्रेषित कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह का विशेष आकर्षण सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शानदार बैंड रहा, जिसने पूरे कार्यक्रम को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। दीक्षांत समारोह में पीपुल्स डेंटल कॉलेज के 16वें बैच के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं। इस गौरवपूर्ण क्षण पर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और उपलब्धि की चमक स्पष्ट दिखाई दी। डीन डॉ. संजीव त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने पेशे में ईमानदारी, समर्पण और सेवा भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक कुशल दंत चिकित्सक के रूप में समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. मधबानंद कर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. डॉ. हरीश राव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें समाज सेवा और नैतिक मूल्यों को सदैव सर्वोपरि रखने की सलाह दी।

### ईडीआईआई ने की युवाओं और बच्चों के लिए राष्ट्रीय उद्यमिता ग्रीष्मकालीन शिविरों की घोषणा

**अहमदाबाद।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद, जो उद्यमिता विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है, वर्ष 1992 से राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन कर रहा है। 12से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों तथा 16 से 22 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए आयोजित ये विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर, उनमें प्रारंभिक स्तर पर ही उद्यमी सोच विकसित करने के साथ-साथ उन्हें सफल जीवन के लिए आवश्यक कौशल सिखाने का उद्देश्य रखते हैं। इस वर्ष 'एंटरप्रेन्योरियल स्टिमुलेशन फॉर चिल्ड्रेन' के 46वें और 47वें संस्करण क्रमशः 3 से 8 मई और 24 से 29 मई को संस्थान के परिसर में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 'एंटरप्रेन्योरियल एडवेंचर्स फॉर यूथ' के 49वें और 50वें संस्करण क्रमशः 11 से 20 मई और 1 से 10 जून को आयोजित किए जाएंगे।

### इक्सिगो ट्रेंस और कंफर्मटिकट ने स्विगी के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी एआई-आधारित ट्रेन टिकटिंग प्लेटफॉर्म्स इक्सिगो ट्रेंस और कंफर्मटिकट ने 'फूड ऑन ट्रेन' सर्विस को बढ़ावा देने के लिए देश के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनिएंस प्लेटफॉर्म स्विगी के साथ साझेदारी की है। स्विगी के रेस्टोरेन्ट नेटवर्क को इक्सिगो और कन्फर्मटिकट ऐप्स के साथ इंटीग्रेट कर, यह साझेदारी सफ़र पर निकले यात्रियों की 'फूड' संबंधी जरूरतों को पूरा करेगी, वे रेल यात्रा के दौरान भी स्विगी की उन्हीं भरोसेमंद सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे, जैसे वे अपने घर में बैठे फूड ऑर्डर करते हैं। इस साझेदारी पर श्रीपद वैद्य, सीओओ, इक्सिगो ट्रेन्स एंड कन्फर्मटिकट ने कहा कि हम हमेशा से रेल यात्रा के हर पहलु को आसान बनाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। स्विगी के साथ साझेदारी के द्वारा हम रेल यात्रा के बारे में अपनी समझ और स्विगी के मजबूत रेस्टोरेन्ट नेटवर्क को संयोजित कर 'फूड ऑन ट्रेन' का विकल्प लेकर आए हैं।

### जी5 ने 'एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** जी5 ने फिल्म एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह एक स्टाइलिश मर्डर मिस्ट्री फिल्म है, जिसे अपलॉज एंटरटेनमेंट और मिथ्या टॉकीज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म के लेखक और निर्देशक प्रसिद्ध फिल्ममेकर और अभिनेता रजत कपूर हैं। यह फिल्म सीधे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई और शुक्रवार को 10 अप्रैल से हिंदी जी5 पर स्ट्रीम हुई। इस फ़िल्म में नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले और ज़बरदस्त परफ़ॉर्मर कलाकारों की एक दमदार टीम है।

लोग बोले- डिपो अधिकारी-ट्रांसपोर्टर की करतूत का ठीकरा फोड़ा जाता है संचालकों पर

# अंडरवेट (कम वजन) एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति का भंडाभोड़ के बाद मची खलबली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में बीते दिनों इंडेन डिपो से अंडरवेट (कम वजन) सिलेंडर की आपूर्ति होने के बाद संचालकों में खलबली मच गई है। गैस एजेंसी संचालकों ने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन और नापतौल विभाग की संयुक्त कार्रवाई और सघन जांच में इंडेन गैस कंपनी डिपो में घटित कारगुजारी का भंडाफोड़ जो किया है वह पहली बार जरूर उजागर हुआ है , लेकिन कारगुजारी सालों घटित हो रही है। लेकिन सदैव डिपो अधिकारी और ट्रांसपोर्टर की करतूत का ठीकरा एजेंसी संचालकों पर ही फोड़ा जाता है। गौरतलब है कि युद्धवार की बदौलत मध्यप्रदेश सहित देशभर में एलपीजी की


जांच पड़ताल

उत्पन्न हुई किल्लत के बीच मुनाफावसूली के बीते दिनों कई मामले सामने आए। जिस पर सरकार ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं पेट्रोलियम मंत्रालय ने गैस आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा बढ़ाने के लिए राज्यों को निर्देश दिए हैं। लेकिन बीते दिन जिला प्रशासन और नापतौल विभाग की संयुक्त जांच कार्रवाई में कंपनी डिपो को दोषी पाया गया और कार्रवाई स्वरूप विभाग इंडेन कंपनी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया। जिससे यह बात स्पष्ट हो गई की कंपनी के डिपो के अधिकारी-कर्मचारियों और ट्रांसपोर्टर की सांठगांठ के चलते शहर के गैस एजेंसी संचालकों को कम वजन का गैस सिलेंडर सप्लाई सप्लाई किया जाता है और ठीकरा गैस एजेंसी संचालकों के सिर फोड़ा जाता है। इस मामले में उपभोक्ताओं का कहना है कि डिपो अधिकारियों और ट्रांसपोर्टरों की मिलीभगत से गैस चोरी की जा रही है और इसका दोष एजेंसी संचालकों पर मढ़ दिया जा रहा है। जांच में संकेत मिले हैं कि गैस डिपो से निकलने के बाद और एजेंसी तक पहुंचने के दौरान ट्रांसपोर्टर और कर्मचारी गैस चोरी कर रहे हैं और संकट के समय का फायदा उठाकर सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग कर रहे हैं।

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने 5 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता में काफ़ी बढ़ोतरी की है, ताकि देश भर में प्रवासी मज़दूरों और संवेदनशील समुदायों को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन आसानी से और किफ़ायती दरों पर मिल सके। मंत्रालय ने पूर्व आपूर्ति सीमा को हटा दिया है और 7 अप्रैल से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 5 किलोग्राम सिलेंडरों का रोजाना का आवंटन दोगुना कर दिया है। खासतौर पर शहरी एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए यह कदम बढ़ाया गया है।

### गैस एजेंसी का संचालन करना अत्यधिक कष्टप्रद होता जा रहा

शहर के एक गैस एजेंसी संचालक ने नाम न छापने शर्त पर बताया कि गैस एजेंसियों का संचालन करना अब अत्यधिक कष्टप्रद होता जा रहा है। कंपनी के डिपो से सिलेंडर ढुलाई से लेकर ग्राहक तक वितरण के बीच संचालक कई माध्यमों पर निर्भर रहता है। क्योंकि संचालक डिपो से लेकर ग्राहक तक स्वयं तो इतने सिलेंडर बांटने जा नहीं सकता। इतना है कि कंपनियों की कमी शिकायत भी सरकार से नहीं कर सकता है। क्योंकि एजेंसी संचालक भांति भांति दबाव तले दबा होता है। इसके बावजूद अगर किसी भी प्रकार की कोई शिकायत किसी के द्वारा की जाती है कि सीधे तौर पर जिम्मेदार एजेंसी वाले को ठहराते हैं। जबकि हर संकट के समय चाहे वह कोविड हो या अन्य महामारी या फिर वर्तमान समस्या और कठिन परिस्थितियों में भी एजेंसी संचालक ग्राहकों को सिलेंडर पहुंचाकर सरकार की नीतियों को हमेशा सपोर्ट किया है। लेकिन अब समय आ गया है कि कानून में सुधार किया जाए और जिस माध्यम से गलती हुई उस पर कार्यवाही की जाए कि सिर्फ गैस एजेंसी संचालक पर कार्रवाई हो। इधर भोपाल होटल- रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने बताया कि बुकिंग के अनुरूप महीनों के इंतजार के बाद शुक्रवार की सुबह संस्थान को एक कमर्शियल सिलेंडर प्राप्त हुआ। जिसे तौला गया तो 2 किलो 200 ग्राम गैस कम रही। उन्होंने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर का कुल वजन 38 किलो 200 ग्राम होना चाहिए। क्योंकि खाली सिलेंडर का वजन 19 किलो 200 ग्राम सिलेंडर में अंकित है। उस हिसाब से सिलेंडर में 19 किलो गैस भरने के बाद सिलेंडर का कुल वजन 38 किलो 200 ग्राम होना चाहिए, मगर वजन 36 किलो ग्राम दर्शाया। जिससे स्पष्ट हुआ कि सिलेंडर में 2 किलो 200 ग्राम कम गैस भरी है जो कि सील पैक है।



### *डीजल और पेट्रोल में भी अंडरवेट (कम वजन) की शिकायत*

*अंडरवेट (कम वजन) सिलेंडर तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि तेल डिपो से भी निर्धारित मात्रा से कम डीजल ओर पेट्रोल की सप्लाई हो रही है। जिसे चेक किया जाना चाहिए। हमारा संगठन कई बार कम मात्रा की शिकायत कर चुका है। अब नापतौल की नई टीम से संगठन को उम्मीद है कि वो तेल डिपो पर भी आकस्मिक निरीक्षण कर पंप मालिकों को राहत प्रदान करें। तेल और गैस वितरक हमेशा ईमानदारी से कार्य कर ग्राहकों को संतुष्टि के लिए प्रयासरत रहते हे गैस सिलेंडर में डिपो से ही कम मात्रा में प्रदाय किया जाना अत्यंत गंभीर प्रकृति का अपराध है, दोषी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।*

*अजय सिंह*
*अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन*

# वर्ल्ड बैंक चीफ अजय बंगा ने भारतीय विकास मॉडल की तारीफ की, प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें वर्ल्ड बैंक ने चीफ अजय बंगा ने भारत के को-ऑपरेटिव मॉडल की तारीफ की है और इस स्केलेबल ग्रोथ का एक अच्छा उदाहरण बताया।

साथ ही, रोजगार सृजन को विकास की रणनीति का मूल बताया। पीएमओ इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए लेख में रोजगार आधारित विकास के महत्व और भारत के विकास दृष्टिकोण की वैश्विक स्तर पर बढ़ती मान्यता के बारे में बताया है। बंगा ने कहा कि विकास प्रयासों को व्यक्तिगत परियोजनाओं तक सीमित न रहकर रोजगार सृजन और आर्थिक अवसरों जैसे व्यापक परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहाकि विकास कोई दान नहीं है, यह एक रणनीति है। बंगा आगे कहा कि रोजगार सृजन विकास और स्थिरता को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### *बुनियादी ढांचे में निवेश की आवश्यकता*

*वॉशिंगटन में विश्व बैंक और आईएमएफ की वसंतकालीन बैठकों से पहले बोलते हुए, बंगा ने बढ़ती हुई जनसांख्यिकीय चुनौती की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा कि अगले 15 वर्षों में लगभग 1.2 अरब युवाओं के कार्यबल में शामिल होने की उम्मीद है, जबकि रोजगार सृजन उस गति से नहीं हो पाएगा। उन्होंने रोजगार बढ़ाने के लिए तीन सूत्रीय दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिसमें बुनियादी ढांचे में निवेश, व्यापार-अनुकूल शासन सुधार और वित्त तक बेहतर पहुंच शामिल है।*

**ऋण वसूली अधिकरण – II, दिल्ली के समक्ष चौथी मंजिल, जीवन तारा पार्लियामेंट मार्ग, नई दिल्ली – 110001**

**बैंकों और वित्तीय संस्थानों के देय ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के तहत, ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया नियम), 1993 के नियम 12 एवं 13 के साथ पठित सूचना, निम्नलिखित मामले के संबंध में :**

**TA NO 44/2023** — **दिनांकः 01.11.2025**

**भारतीय स्टेट बैंक** ....आवेदक
**बनाम**
**अरुण मल्होत्रा एवं अन्य** ......प्रतिवादी

सेवा में,
प्रतिवादी
**डी2. मैसर्स आरएसआर हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, अपने निदेशक/प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से,** जी–4, ग्राउंड फ्लोर, मेट्रो वॉक, बिट्टन मार्केट, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462016.

चूंकि, उपर्युक्त नामित आवेदक (आवेदकों) ने आपके विरुद्ध **रूपये 48,53,152/- (रूपये अड़तालीस लाख तिरपन हजार एक सौ बावन मात्र)** की वसूली के लिए एक मामला दायर किया है और चूंकि, अधिकरण (Tribunal) को यह संतोषजनक रूप से दर्शाया गया है कि आपको सामान्य तरीके से नोटिस देना संभव नहीं है, अतः यह नोटिस विज्ञापन के माध्यम से दिया जा रहा है, जिससे आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक **14.04.2026 को प्रातः 11:00** बजे अधिकरण के समक्ष उपस्थित हों।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

**सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा भौतिक उपस्थिति के माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए निम्नलिखित निर्देश दिए जाते हैं–**

(i) सभी अधिवक्तागण/विवादकर्ता **"Cisco Webex"** एप्लिकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करें।

(ii) सुनवाई के लिए **"मीटिंग आईडी" और पासवर्ड** संबंधित मामलों के लिए माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार द्वारा DRT की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् **drt.gov.in** पर दैनिक कार्य सूची (Daily Cause List) में प्रदर्शित किए जाएंगे।

(iii) किसी भी जानकारी हेतु, एडवोकेट्स/ लिटिगेंट्स संबंधित अधिकारी से फोन नं. **23748478** पर संपर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुहर के अधीन, आज दिनांक **01 नवंबर, 2026** को जारी।

**प्राधिकरण के आदेशानुसार,**
**अनुभाग अधिकारी, डीआरटी–II, दिल्ली**

चिंतन

# देर से सही, लेकिन देना ही पड़ा इस्तीफा

नोटकांड में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को देर से ही सही, लेकिन आखिरकार इस्तीफा देना ही पड़ा। यह केवल एक व्यक्ति का पद छोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका की साख पर लगे एक गहरे दाग की स्वीकारोक्ति जैसा ही है। एक जज के घर से बोरियों में भारी मात्रा में नोटों का मिलना, वह भी आग लगने जैसी घटना के बाद, किसी साधारण अनियमितता का मामला नहीं हो सकता। यह सीधे-सीधे उस नैतिकता और शुचिता पर सवाल है, जिसकी उम्मीद न्यायाधीशों से की जाती है। होली 2025 की रात दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने के बाद जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने की घटना ने देश को चौंका दिया था। इसके बाद शुरू हुई जांच, ट्रांसफर, और न्यायिक कार्य से दूरी, ये सभी घटनाक्रम बताते हैं कि मामला कितना गंभीर था। दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण भी कई सवाल छोड़ गया। क्या यह एक अस्थायी समाधान था या वास्तविक कार्रवाई से बचने का रास्ता? भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद स्तंभ माना जाता है, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद भी इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो जनता का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस मामले ने इसी बुनियादी सिद्धांत को चुनौती दी है। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस्तीफा ही पर्याप्त दंड है? या फिर इसके आगे आपराधिक जांच और सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए? संसद में महाभियोग की प्रक्रिया जरूर मौजूद है, लेकिन इसकी जटिलता और लंबाई इसे अक्सर अप्रभावी बना देती है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जस्टिस वर्मा ने आरोपों को साजिश बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी द्वारा करवाई गई जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। ऐसे विरोधाभासी दावों के बीच पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग और तेज हो जाती है। क्या जांच की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि आखिर सच क्या है? इस पूरे घटनाक्रम ने न्यायपालिका के भीतर की इन-हाउस प्रणाली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह प्रणाली इतनी सक्षम है कि वह अपने ही भीतर की गड़बड़ियों को निष्पक्षता से उजागर कर सके? या फिर इसमें बाहरी निगरानी की जरूरत है? यह समय इन सवालों से बचने का नहीं, बल्कि उनका सामना करने का है। देश में न्यायपालिका की ताकत उसकी नैतिक विश्वसनीयता में निहित होती है। अगर यही आधार कमजोर पड़ने लगे, तो पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि इस मामले को केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानकर भुला न दिया जाए, बल्कि इसे एक चेतावनी के रूप में भी लिया जाए। अब जरूरत है न्यायपालिका में ठोस सुधारों की। जजों के लिए आचार संहिता को और कड़ा किया जाए, नियुक्ति और निगरानी प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए और आरोप साबित होने पर त्वरित व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी उसकी जवाबदेही। अंततः, देर से ही सही लेकिन न्याय की जीत हुई है। चूंकि देर-सबेर जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देना ही था। लेकिन यशवंत वर्मा का इस्तीफा एक अंत नहीं, बल्कि शुरुआत होना चाहिए एक ऐसे सुधार की, जो न्यायपालिका को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और भरोसेमंद बना सके। लोकतंत्र में न्याय का मंदिर तभी मजबूत रहेगा, जब उसकी नींव पूरी तरह निष्कलंक हो।



जयंती विशेष
नरेंद्र मोदी

# ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

**आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक तथा पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती है। हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।**

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है।

पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है।

उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के



लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना।

यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है।

वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

( लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं,, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
सतीश सिंह



# मौद्रिक समीक्षा पर युद्ध और महंगाई का साया

वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने 8 अप्रैल को जारी अपनी मौद्रिक नीति में सतर्क रुख अपनते हुए रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। साथ ही, केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति को 'न्यूट्रल' भी बनाए रखा अर्थात यह जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने के बजाय अभी वह हालात पर नजर रखेगा और बदलती स्थिति के अनुसार आने वाले दिनों में समीचीन फैसला लेगा। इस क्रम में यह भी बताना जरूरी है कि रिजर्व बैंक पहले ही रेपो दर में 125 बेसिस पॉइंट्स की कटौती कर चुका है और उसका पूरा फायदा बैंकों ने ग्राहकों को नहीं दिया है। इसके अलावा, हाल में रिजर्व बैंक ने ओपेन मार्केट ऑपरेशन के जरिये बॉन्ड खरीदकर बैंकिंग प्रणाली में पैसा डाला था। इस तरह, अभी बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त पैसा है। ऐसे में अगर केंद्रीय बैंक रेपो दर में कटौती भी करता तो भी उधारी के उठाव में बहुत ज्यादा इजाफा नहीं होता। बहरहाल,रिजर्व बैंक के इस फैसले से रियल एस्टेट क्षेत्र को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं होने से होम लोन का ब्याज नहीं बढ़ेगा और लोगों के लिए घर खरीदना आसान होगा। साथ ही, होम लोन के वर्तमान ग्राहकों की किस्त और ब्याज में वृद्धि नहीं होगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर के अनुसार एक तरफ दुनिया भर में अनिश्चितता, महंगा तेल और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत दिख रही है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.6% रहने का अनुमान है, जो यह दर्शाता है कि देश में खपत, निवेश और सरकारी नीतियों का असर मजबूत रहा है। हालांकि,अब चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.9% रह सकती है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का असर भारत में पेट्रोल, एलपीजी और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले डीजल जैसे ईंधनों की कीमतों पर पड़ रहा है और इसका प्रभाव धीरे-धीरे घरेलू स्तर पर भी परिलक्षित हो रहा है। अगर हालात ऐसे ही बने रहते हैं तो ऊर्जा और अन्य कमोडिटी की ऊंची कीमतें मिलकर 2026-27 में देश के विविध उत्पादों के उत्पादन पर भी दबाव डाल सकती हैं। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के मुताबिक भी मौजूदा स्थिति ने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाने की चुनौती को और जटिल बना दिया है। इनमें कच्चे तेल और ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में संभावित बाधाएं और इन सब के चलते महंगाई के दोबारा बढ़ने की आशंका शामिल है। मामले में अच्छी बात यह है कि घरेलू मांग अभी भी बनी हुई है। शहरों में लोग खर्च कर रहे हैं और गांवों में भी हालात ठीक हैं। रिजर्व बैंक के अनुसार अच्छी फसल, बेहतर रोजगार और सरकार का विनिर्माण पर फोकस बना हुआ है, जिससे मांग के बने रहने की संभावना है। हां, मौजूदा स्थिति में निवेश की समस्या उत्पन्न हो गई है। डॉलर के मुक़ाबले रुपये में अभूतपूर्व कमजोरी आने और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बने रहने के कारण विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं, जिसे रोकने के लिए सरकार को विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए टैक्स दर को कम और कर संरचना को सरल बनाना होगा। इसके बरक्स कर दर कम और इसके नियम सरल करने होंगे और निवेशकों को भरोसा देना होगा, तभी विदेशी निवेशक बिकवाली नहीं करेंगे। वित्त वर्ष 2027 में महंगाई करीब 4.9% और विकास दर 6.8 से 7% के बीच रह सकती है, बशर्ते मौजूदा पश्चिम एशिया संघर्ष ज्यादा लंबा न चले। ऐसे परिदृश्य में ब्याज दरें पूरे साल स्थिर रह सकती हैं। इससे आने वाले दिनों में रुपये में स्थिरता आ सकती है और 10 साल के बॉन्ड यील्ड 6.8–7% के दायरे में रह सकते हैं। कुल मिलाकर, आने वाले महीनों में महंगाई का रुख काफी हद तक ऊर्जा की कीमतों और मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। बैंकिंग सेक्टर की बात करें तो चौथी तिमाही के मजबूत बने रहने की उम्मीद है, क्योंकि क्रेडिट ग्रोथ में सुधार देखा गया है। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि फिलहाल अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है,लेकिन अगर वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में तनाव बनी रहती है तो महंगाई में इजाफा होने के साथ-साथ आपूर्ति श्रंखला बाधित होने से कई वस्तुओं के उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए,असली चुनौती अभी आने वाली है। अब सिर्फ ब्याज दरें नहीं, बल्कि निवेश, वैश्विक हालात, तेल की कीमतें और मानसून मिलकर तय करेंगे कि भारत की अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से आगे बढ़ेगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो ग्रोथ बनी रहेगी। अगर बाहरी झटके बढ़े, तो मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतरसंबंध



श्री श्री रविशंकर
दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है। यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें। करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गर्मियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गर्मी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनिया हो गया। चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## सटाका





## आज की पाती

### युद्धविराम से उभरती नई विश्व व्यवस्था

मध्य पूर्व में पिछले चालीस दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बाद जब अमरीका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल दो देशों के बीच शांति का क्षण भर का प्रयास नहीं था, बल्कि वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती दी, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाला। ऐसे में यह युद्धविराम आशा की एक किरण के रूप में देखा जा रहा है, किंतु इसके पीछे छिपी जटिलताएं और भविष्य की अनिश्चितताएं भी उतनी ही गंभीर हैं। होर्मुज स्ट्रेट, जो विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्र बन गया था। **-शेखर वधवा, पानीपत**

## करंट अफेयर


# उ. कोरिया एवं चीन सहयोग और गहरा करने पर सहमत



उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ' 'गहन विचार–विमर्श' ' किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने अपनी बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की लेकिन उन्होंने इन मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि दोनों पक्ष विदेश नीति से जुड़े मामलों को संभालने वाली अपनी एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद मजबूत करने पर भी सहमत हुए। किसी भी समाचार संस्थान ने यह नहीं बताया कि चोए और वांग ने अमेरिका पर चर्चा की या नहीं, या फिर पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे अन्य मुद्दों पर बात हुई या नहीं। वांग ने उत्तर कोरिया की यात्रा ऐसे समय की है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ पुनर्निर्धारित शिखर सम्मेलन के लिए बीजिंग जाने वाले हैं।

## ऑफ बीट


# मानव शरीर का 'डिजाइन परफेक्ट' नहीं : अध्ययन



मानव शरीर में रीढ़ अर्थात स्पाइन इस तर्क का सबसे अच्छा उदाहरण है। हमारी कशेरुक स्तंभ यानी वर्टिब्रल कॉलम का विकास चार पैरों वाले, पेड़ों पर रहने वाले पूर्वजों से हुआ, जहां इसका मुख्य कार्य लचीलेपन के साथ शाखाओं के बीच चलना और स्पाइनल कॉर्ड की रक्षा करना था। जब मनुष्य सीधा चलने लगा, तो रीढ़ को शरीर का वजन संभालने और संतुलन बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली तथा उस पर दबाव बढ़ा। रीढ़ का लचीलापन वजन को संतुलित करने में मदद करता है, लेकिन इससे कमर दर्द, डिस्क खिसकने और अन्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ता है। ये समस्याएं इसलिए आम हैं क्योंकि रीढ़ वह काम कर रही है, जिसके लिए वह मूल रूप से विकसित नहीं हुई थी। गर्दन में मौजूद 'रिकरेंट लेरिंजियल नर्व' भी एक असामान्य संरचना का उदाहरण है। यह नस वेगस नर्व की शाखा है तथा हृदय की गति और आराम और पाचन के दौरान धड़कन तथा श्वांस को नियंत्रित करती है। यह बोलने व निगलने में भी मदद करती है। सीधे रास्ते से मस्तिष्क से गले तक जाने के बजाय यह नस पहले छाती में नीचे जाती है, एक प्रमुख धमनी के चारों ओर घूमती है और फिर वापस गले तक आती है। यह जटिल मार्ग किसी बुद्धिमान डिजाइन का परिणाम नहीं, बल्कि मछली जैसे पूर्वजों से विरासत में मिला है।

## ट्रेंड

### सफलता की कुंजी



आपकी परिस्थितियां, संघर्ष और सपने ही आपको अद्वितीय बनाते हैं। इसलिए, अपनी क्षमताओं और खूबियों को पहचानें और फिर पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ें। यही संतुलन सच्ची खुशी व सफलता की कुंजी है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### महत्वपूर्ण बदलाव



संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण अब देश में बेहद खुशी और उत्साह का क्षण है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस अधिनियम को लाने के लिए इतना बड़ा प्रयास किया। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित होगा।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उन्नत तकनीकों का प्रयोग



हमारे किसान भाइयों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाना चाहिए। मिट्टी की सेहत का ध्यान रखते हुए, संतुलित उर्वरकों का उपयोग और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों का प्रयोग समय की आवश्यकता है।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### महिला आरक्षण



लंबे समय तक चुप्पी साधने के बाद मोदी सरकार अचानक महिला आरक्षण के मुद्दे पर सक्रिय हो गई है। इस बारे में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के मुद्दे पर 16 से 18 अप्रैल तक संसदीय बैठक तय है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देती 'पीएमएसआई' और 'कॉर्पोरेट मित्रा' योजना

## आईसीएआई भवन में आईएएस राहुल जैन का इंटरैक्टिव सेशन, युवाओं को मिला मार्गदर्शन



राहुल जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कॉर्पोरेट मित्रा योजना, देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान आईसीएआई की एक पहल है, जिसका उद्देश्य उद्योग (कॉर्पोरेट सेक्टर) और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) के बीच बेहतर तालमेल बनाना, कंपनियों को वित्तीय और सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सीए को नए अवसर और नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराना है वहीं पीएमएसआई स्कीम (प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना) भी एक सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य युवाओं को रियल वर्क एक्सपीरियंस देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। संयुक्त सचिव, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय राहुल जैन (आईएएस) भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की भोपाल शाखा (सीआईआरसी) द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण इंटरैक्टिव सेशन में मुख्य वक्ता के रूप में बाले रहे थे। आईसीएआई भवन में आयोजित कार्यक्रम में शहर और देश के जाने माने सीए ने भाग लिया।



विभिन्न शहरों से आए सीए के साथ राहुल जैन ।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में आईसीएआई के केंद्रीय परिषद सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनमें दुर्गेश कुमार काबरा, ज्ञान चंद्र मिश्रा और अभय छाजेड़ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े तो वहीं भोपाल शाखा के उपाध्यक्ष प्रदीप मुत्रेजा, शाखा अध्यक्ष आदित्य पी. श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।



स्मृति चिन्ह भेंट करते राहुल जैन।

### कंपनियों और सीए के बीच सेतु का काम करती है योजना

'कॉर्पोरेट मित्रा' के बारे में बताते हुए राहुल ने कहा कि यह योजना कंपनियों और सीए के बीच ब्रिज (सेतु) का काम करती है। इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार एक्सपर्ट सलाह उपलब्ध होती है इतना ही नहीं स्टार्टअप्स और एमएसएमई को गाइडेंस और सपोर्ट भी इसी योजना से मिलता है।

### पीएमएसआई= एक्सपीरियंस + स्किल + नेटवर्क

पीएमएसआई स्कीम के छात्रों और युवाओं को बड़ी कंपनियों, सरकारी संस्थानों और उद्योगों में इंटर्नशिप का अवसर देती है ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ प्रैक्टिकल ज्ञान भी हासिल कर सकें। जिसमें उन्हें स्टाइपेंड (भत्ता) के साथ साथ सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। यह दो से बारह महीने की इंटर्नशिप है जिसमें स्टूडेंट्स बड़ी कंपनियों, मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर, फाइनेंस और कॉर्पोरेट सेक्टर में इंटर्नशिप कर सकते हैं। पीएमएसआईमें एक्सपीरियंस + स्किल + नेटवर्क तीनों मिलते हैं, जिससे आपके जॉब मिलने के चांस बढ़ जाते हैं।

## पेस्टल साड़ियों में दिखा एलिगेंस, फैशन, नेटवर्किंग और म्यूजिक का खूबसूरत संगम

# 'ब्रिजर्टन थीम' में सजी 'साड़ी स्ट्रीट' की रॉयल शाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में फैशन, एलीगेंस और रॉयल वाइब्स से भरपूर एक खास आयोजन ने माहौल को शाही रंगों में रंग दिया। 'ब्रिजर्टन थीम' पर आयोजित 'साड़ी स्ट्रीट' का यह विशेष गेट-टुगेदर शुक्रवार शाम सैर-सपाटा के निकट एक निजी होटल में हुआ, जहां महिलाओं ने अपनी खूबसूरती और स्टाइल से हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। पेस्टल शेड्स—हल्का गुलाबी, नीला और जामुनी रंग की साड़ियों में सजी महिलाओं का यह आयोजन किसी रॉयल गार्डन पार्टी से कम नहीं लग रहा था। साड़ियों के साथ विंटेज ज्वेलरी और हेयर स्टाइल ने पूरे लुक को और भी आकर्षक बना दिया, जिसमें एलिगेंस के साथ रॉयल टच साफ झलक रहा था। कॉर्पोरेट, बिजनेस, मेडिसिन, थिएटर और फैशन जगत से जुड़ी करीब 150 महिलाओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।







'ब्रिजर्टन थीम' पर आयोजित 'साड़ी स्ट्रीट' का गेट-टुगेदर में आनंद लेतीं महिलाएं।

### ब्रिजर्टन थीम का शाही अंदाज

आयोजक रश्मि गोल्या ने बताया कि ब्रिजर्टन थीम 19वीं सदी के रीजेंसी युग से प्रेरित एक भव्य और रोमांटिक सजावट शैली है। इसमें पेस्टल रंगों, फूलों की सजावट, झूमरों, मोमबत्तियों और विंटेज एलिमेंट्स का विशेष उपयोग किया जाता है। यह थीम शादियों, ब्रंच या टी-पार्टी जैसे आयोजनों के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती है। उन्होंने कहा कि इस थीम पर शहर में अब तक कोई विशेष आयोजन नहीं हुआ था, इसलिए एक यूनिक कॉन्सेप्ट के साथ 'साड़ी स्ट्रीट' की इस गेट-टुगेदर पार्टी को आयोजित किया गया, जिसे प्रतिभागियों ने बेहद सराहा।

### डांस, म्यूजिक, मीट-एंड-ग्रीट और सोशल इंटरैक्शन भी

कार्यक्रम में रैंप वॉक मुख्य आकर्षण रहा, जहां प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने स्टाइल का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही डांस, म्यूजिक, मीट-एंड-ग्रीट और सोशल इंटरैक्शन ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। रिफ्रेशिंग और एलिगेंट वातावरण ने इस आयोजन में चार चांद लगा दिए। इस इवेंट की खास बात यह रही कि इसमें फैशन के साथ-साथ नेटवर्किंग और क्रिएटिविटी को भी बढ़ावा दिया गया। रील मेकिंग गाइडेंस और म्यूजिक जैमिंग सेशन ने प्रतिभागियों को नया अनुभव दिया।

# ईरान का होर्मुज जलडमरूमध्य पर एकमात्र नियंत्रण की बात करना पूरी तरह गलत

## भोपाल आए देश के पूर्व राजनयिक दीपक वोहरा से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होर्मुज जलडमरूमध्य पर कानूनी रूप से ओमान और ईरान का क्षेत्रीय अधिकार है, लेकिन यह एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत, यह सभी देशों के जहाजों के लिए एक साझा मार्ग है, इसलिए ईरान का यह कहना कि उसका एकमात्र नियंत्रण इस पर है, यह गलत है और यही वजह है कि जब ईरान इस पर टोल टैक्स की बात कर रहा है तो अमेरिका कहेगा कि मैं भी इसमें आधी हिस्सेदारी करूंगा। यह कहना है देश के पूर्व राजनयिक दीपक वोहरा का जो शुक्रवार को भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।



दीपक वोहरा

### ईरान-अमेरिका युद्ध में हार-जीत की बात स्पष्ट नहीं

उन्होंने कहा कि हार जीत की दूसरे देश की सीमा में घुसकर उसके क्षेत्र को हथियाने से आंका जाता है या सैन्य शक्ति के आत्म समर्पण से, जैसे कि 1971 में पाकिस्तान के 90000 सैनिकों ने हमारे सामने समर्पण किया था तो यह एक प्रकार से भारत की जीत थी, 1998 में कारगिल वॉर में भी प्रत्यक्ष रूप से भारत की जीत थी, लेकिन अभी ईरान अमेरिका युद्ध में यह चीज स्पष्ट नजर नहीं आ रही है।

### सूडान में भारतीय ऑयल वर्कर को बंधन से मुक्त कराया

जब मैं सूडान में राजदूत था, तब वहां भारत के कुछ तेल वर्कर्स को बंदी बना लिया गया था तब राजदूत रहते हुए मैंने उन बंदियों को छुड़ाया और उनसे कहा कि आप हमारे इन युवा वर्कर को छोड़ दें उसके बदले में चाहें तो मुझे 55 साल के व्यक्ति को रख लें। यह मेरे राजनिक कॅरियर का एक बेहद यादगार पल था, जो मुझे हमेशा याद रहेगा।

### जी-20 के बाद से लोगों में अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक में गहरी रुचि बढ़ी

उन्होंने कहा कि जी-20 के बाद से देशवासियों में अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक में गहरी रुचि बढ़ी है जिसका कारण इस आयोजन का देश के कई हिस्सों में होना है फिर चाहे वह कश्मीर हो या नॉर्थ ईस्ट एरिया के राज्य हो, हर एक वर्ग जी 20 से जुड़ा।

### ईरान एक सीमा में रहकर करे यूरेनियम संवर्धन

वहीं, ईरान की यूरेनियम संवर्धन नीति पर उन्होंने कहा कि ईरान जैसे देशों में यूरेनियम का संवर्धन एक सीमा में रहते हुए करने का आदेश है। यदि इस सीमा का उल्लंघन ईरान करता है तो उसके ऊपर प्रतिबंध लगाया जाना लाजमी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को मैं एक तरह से विष्णु अवतार मानता हूं, चाणक्य ने एक राजा में 6 गुणों के आधार पर उसकी महानता को आंका, वह छः गुण मोदी में हैं। मोदी जैसा लोकप्रिय नेता आज तक भारत में नहीं हुआ, उनकी लीडरशिप क्वालिटी भी बेस्ट है।

## मानव संग्रहालय में ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा शुरू



**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा आगंतुकों की सुविधा और अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अब ऑनलाइन टिकट बुकिंग सेवा शुरू कर दी गई है। इसके माध्यम से अब आगंतुक संग्रहालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आसानी से अपने प्रवेश टिकट बुक कर सकते हैं। यह सुविधा न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि आगंतुकों को बिना किसी असुविधा के सहज प्रवेश सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही, संग्रहालय में गाइड सुविधा का भी शुभारंभ किया गया है, जिससे आगंतुक संग्रहालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय जीवन शैली एवं विविध प्रदर्शनों को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। प्रशिक्षित गाइड्स द्वारा दी जाने वाली यह सेवा संग्रहालय भ्रमण को अधिक ज्ञानवर्धक और रोचक बनाएगी। गाइड सेवा के अंतर्गत आगंतुकों के लिए शुल्क भी निर्धारित की गई है। संग्रहालय के जन संपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि, मानव संग्रहालय सदैव से भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर, जनजातीय परंपराओं और लोक जीवन के संरक्षण एवं प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ऑनलाइन टिकटिंग और गाइड सुविधा की शुरूआत इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

## एमसीयू में पंडित माखनलाल चतुर्वेदी स्मृति व्याख्यान आयोजित

# आज पत्रकारिता में लोकहित की तुलना में महत्वकांक्षाएं हावी हैं: अच्युतानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आजादी से पहले और बाद की पत्रकारिता के मूल्यों में व्यापक बदलाव आए हैं। आज पत्रकारिता में लोकहित की तुलना में महत्वकांक्षाएं हावी हैं। पूर्व की पत्रकारिता में नैतिक स्तर उच्च कोटि का था। वह दौर और उस दौर के लोग अद्भुत थे। पंडित माखनलाल चतुर्वेदी ने उसी दौरान देश की राजनीति, साहित्य, संस्कृति और सभ्यता को अपनी तेजस्वी पत्रकारिता से ऊपर उठाने का काम किया। उक्त बात वरिष्ठ पत्रकार और संपादक तथा एमसीयू के पूर्व कुलगुरु अच्युतानंद मिश्र ने कही। वे माखनलाल चतुर्वेदी स्मृति व्याख्यान में बतौर अतिथि वक्ता बोल रहे थे।

**पूर्व की पत्रकारिता में नैतिक स्तर उच्च कोटि का था**



### पुष्प की अभिलाषा कविता का मर्म समझिए

'पुष्प की अभिलाषा' कविता का मर्म समझने का आग्रह करते हुए भावुकता से कहा कि सोचिए उस कल्पना के बारे में जो उस पथ पर फेंक देने का आग्रह करती है जहाँ वीर सैनिक मातृभूमि पर अपना शीश चढ़ाने जा रहे है।

### पत्रकारिता को शस्त्र की बजाय शास्त्र माना

प्रख्यात लेखक मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि जिस दौर में पत्रकारिता को शस्त्र की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा था उस समय उन्होंने उसे शास्त्र माना और इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारिता पढ़ने और पढ़ाने की सख्त जरूरत है।

# कचरा कैफे की अनोखी पहल: पुराने सामान के बदले लोगों को मिल रही ठंडक और सेहत

**कबाड़ के बदले गन्ने का रस, शिकंजी, दही वड़ा; प्राकृतिक वस्तुओं को भी बढ़ावा**



**पहल का उद्देश्य केवल लोगों को ठंडक पहुंचाना ही नहीं, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में संचालित कचरा कैफे अपनी अनोखी पहल के चलते लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां अब पुराने सामान और कबाड़ के बदले लोगों को गर्मी से राहत देने वाले उत्पाद जैसे गन्ने का रस, शिकंजी और दही वड़ा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य केवल लोगों को ठंडक पहुंचाना ही नहीं, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है।

### कैफे में केमिकल मुक्त उत्पादों

कैफे में खाद्य पदार्थों के साथ-साथ प्राकृतिक वस्तुओं को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि लोग केमिकल युक्त उत्पादों से दूर रहें। यहां प्राकृतिक शहद, आंवला विनेगर, वर्मी कम्पोस्ट, हस्तनिर्मित साबुन और क्रोशिया से बने सजावटी फूल उपलब्ध हैं। कचरा कैफे की संचालक अंजिता सभोलक के अनुसार, लोग अपने पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान, प्लास्टिक और अन्य कबाड़ के बदले कूपन प्राप्त करते हैं, जिनका उपयोग वे इन उत्पादों को लेने में कर सकते हैं। यह पहल न केवल कचरे के उचित प्रबंधन को प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि लोगों को स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही है।



## गौहर महल में बाग उत्सव का शुभारंभ

# बाग उत्सव में झलकी सदियों पुरानी शिल्प कला और परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में शुक्रवार से रंग और शिल्प की अद्भुत विरासत को संजोए 'बाग उत्सव 2026' का शुभारंभ हुआ। बाग प्रिंट के जनक इस्माइल सुलेमान खत्री की स्मृति को समर्पित यह उत्सव 19 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कला प्रेमियों को पारंपरिक शिल्प और आधुनिक डिज़ाइन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। उत्सव में बाग प्रिंट की साड़ियों, सूट और बेडशीट्स की आकर्षक श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है। यहां प्रस्तुत हर डिज़ाइन में न केवल सौंदर्य, बल्कि सदियों पुरानी शिल्प परंपरा की गहराई भी झलकती है।



### ब्लॉक प्रिंटिंग की कला

उत्सव के संयोजक, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी उमर फारूक खत्री ने बताया कि बाग प्रिंट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग तकनीक है। इसमें हाथ से नक्काशी किए गए लकड़ी के ब्लॉक्स का उपयोग कर कपड़े पर डिज़ाइन उकेरे जाते हैं। प्रत्येक ब्लॉक एक विशेष पैटर्न के लिए तैयार किया जाता है, जिसे बड़े ही संतुलन के साथ कपड़े पर छापा जाता है।



### प्राकृतिक रंगों की अनोखी पहचान



बाग प्रिंट की खूबसूरती का एक और महत्वपूर्ण पहलू इसके प्राकृतिक रंग हैं। इसमें मुख्य रूप से वनस्पति और खनिज आधारित रंगों का उपयोग किया जाता है, जैसे कि लाल रंग के लिए अलिज़रीन और काले रंग के लिए लौह तत्वों से तैयार घोल। रंगाई की यह प्रक्रिया पूरी तरह पारंपरिक होती है, जिसमें कपड़े को बार-बार धोकर, सुखाकर और रंगकर अंतिम रूप दिया जाता है।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए संकल्प पत्र जारी किया गृहमंत्री शाह ने हर वर्ग की सुविधाओं का ऐलान किया

# महिलाओं को हर माह 3 हजार रुपए और फ्री बस टिकट के साथ नौकरियों में 33 फीसदी आरक्षण देंगे और बेरोजगार युवकों को भी दिया जाएगा भत्ता

शाह ने कहा कि अगर भाजपा सरकार बनती है तो वे राज्य के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत तीन हजार की अतिरिक्त सहायता करेगी। इससे पहले शाह ने कहा कि यह घोषणापत्र बंगाल के हर वर्ग को निराशा से बाहर निकालने का एक मार्ग है



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। घोषणापत्र में यहां की महिलाओं और बेरोजगारों को हर महीने 3,000 की आर्थिक मदद का वादा किया है। इसके अलावा महिलाओं को नौकरियों में 33 फीसदी आरक्षण और सरकारी बसों में फ्री बस टिकट देने की बात कही। शाह ने कहा कि अगर राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो वे 6 महीने के अंदर राज्य में यूसीसी लागू करेंगे। उन्होंने राज्य में 45 दिन में सातवां वेतन आयोग लागू करने की बात कही। अगर भाजपा सरकार बनती है तो वे राज्य के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 3,000 की अतिरिक्त सहायता करेगी। यह घोषणापत्र हर वर्ग को निराशा से बाहर निकालने का मार्ग है। यह बंगाल की जनता के सामने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का खाका भी प्रस्तुत करेगा।

### भाजपा के घोषणापत्र की बड़ी बातें

- सरकार बनने के 6 महीने के अंदर बंगाल में यूसीसी लागू करने का वादा।
- राज्य की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3000 रु. देने का ऐलान।
- मवेशी तस्करी पर सख्त रोक लगाने का वादा।
- बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए 'वंदे मातरम म्यूजियम' बनाने की घोषणा।
- राज्य सरकार की सभी नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का वादा।

## प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का खाका बताया



घोषणा पत्र जारी करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

**यह 'भरोसे का पत्र', 'सोनार बांग्ला' का रोडमैप**

शाह ने पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए इसे 'भरोसे का पत्र' बताया। पार्टी ने इसे 'सोनार बांग्ला' का रोडमैप बताते हुए विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा पर फोकस किया है। साथ ही, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भाजपा बंगाल के ही बेटा को मुख्यमंत्री बनाएगी।

### हर वर्ग के विकास का लक्ष्य

शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र राज्य के हर वर्ग की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। मौजूदा निराशा के माहौल से बाहर निकलने का रास्ता है। इसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। किसानों को इससे नई दिशा मिलेगी।

### युवाओं को 3,000

राज्य के विकास को गति देने के लिए व्यापक योजनाओं का खाका पेश किया गया है। कोलकाता मेट्रो का पूरी तरह विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। एक साल के भीतर 61 प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को 200 दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य है।

### कर्मियों के लिए डीए सुनिश्चित 'लक्ष्मी भंडार' लागू होगी

शाह ने कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों और वेतनभोगियों के लिए डीए सुनिश्चित किया जाएगा और 45 दिन के भीतर ही सातवें वेतन आयोग और आयुष्मान भारत समेत भारत सरकार की सभी योजनाओं को लागू करेंगे। हमारी सरकार 'लक्ष्मी भंडार' योजना के लाभार्थियों को हर महीने 1 से 5 तारीख तक खाते में 3 हजार रुपए ट्रांसफर करेगी।

### 'लखपति दीदी' योजना पर जोर

महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए राज्य में पुलिस बल सहित सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया है। 75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य है। हर मंडल में महिला थाने और महिला डेस्क स्थापित करने की योजना है। गर्भवती महिलाओं को 21 हजार की आर्थिक सहायता और 6 पोषण किट देंगे। पीएम किसान सम्मान निधि में हम राज्य की तरफ से अतिरिक्त 3,000 रुपए जोड़ेंगे।

### बाबरी बनाने वालों के साथ भाजपा कभी नहीं करेगी गठबंधन

हुमायूं कबीर से जुड़े सवाल पर शाह ने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने वाले किसी व्यक्ति के साथ गठबंधन करने के बजाय 20 साल विपक्ष में बैठना पसंद करेगी। शाह ने कहा कि ममता जी 2,000 वीडियो बना सकती हैं। कबीर और भाजपा साउथ पोल और नॉर्थ पोल की तरह हैं। हम कभी एक नहीं हो सकते। उनके साथ भाजपा कभी गठबंधन नहीं कर सकती।

गंभीर आरोपों पर हुमायूं की सफाई

## 19 दिसंबर का वीडियो है, पार्टी बनाने से पहले यह रिकॉर्ड किया गया था

**इस्लामपुर।** बंगाल चुनाव के बीच जनता उन्नयन पार्टी के फाउंडर हुमायूं कबीर का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह पैसे मिलने की बात कह रहे हैं।



टीएमसी की तरफ से शेयर किए गए इस वीडियो ने उनकी छवि को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस बीच उन्होंने अपनी सफाई में कहा है कि वीडियो उनके पार्टी बनाने से पहले का है। इसके साथ ही उन्होंने ममता बेनर्जी और टीएमसी नेता फिरहाद हकीम पर पलटवार किया है। इस्लामपुर में हुमायूं कबीर ने कहा कि 19 दिसंबर का एक वीडियो 8 अप्रैल को वायरल किया जा रहा है। सीएम ममता इतने दिनों से क्या कर रही थीं? मैं उन्हें हाई कोर्ट में जवाब दूंगा।

चुनावी रैली में बरसीं सीएम

### सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं

**उत्तर 24 परगना।** सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में रैली में कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को असम लाया गया। देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है।



भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।

विजय के रोड शो में हादसा

### सेल्फी के चक्कर में फिसला बाइक सवार

**शिवगंगा।** तमिलनाडु में टीवीके के प्रमुख और अभिनेता विजय के रोड शो में एक घटना हो गई। शिवगंगा में विजय के रोड शो के दौरान बाइक पर सवार एक युवक दुर्घटना का शिकार हो गया। मोटरसाइकिलों पर सवार युवकों का एक समूह विजय के चुनावी वाहन के ठीक पीछे चल रहा था। इस बीच सेल्फी लेने की कोशिश में, एक बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

---

## खबर संक्षेप

### कबीर की पार्टी से ओवैसी ने तोड़ लिया गठबंधन

**हैदराबाद।** बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुमायूं कबीर को बड़ा झटका लगा है।



असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने हुमायूं की पार्टी से गठबंधन तोड़ लिया है। टीएमसी ने वीडियो में कथित तौर पर हुमायूं कबीर 1000 करोड़ की डील की बात कर रहे हैं। हुमायूं कबीर की पार्टी का नाम 'आम जनता उन्नयन पार्टी' है।

### बैंक धोखाधड़ी में 8 अधिकारी दोषी करार

**अहमदाबाद।** यहां की एक विशेष सीबीआई अदालत ने पीएनबी के



2016 के लोन धोखाधड़ी मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इसमें 1.57 करोड़ के वित्तीय नुकसान के लिए 3 सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों सहित 8 लोगों को दोषी ठहराया है। यह फैसला बैंकिंग प्रणाली में जवाबदेही और सख्त अनुपालन की आवश्यकता को स्पष्ट करता है।

### पति की हत्या कर खुद दी जान, मासूम की भी मौत

**अयोध्या।** जिले के थाना रौनाही क्षेत्र के करेरू गांव में पति-पत्नी के



विवाद ने एक खौफनाक रूप ले लिया जिसके परिणामस्वरूप तीन जानें चली गईं। पत्नी ने पहले पति की हथौड़े से हत्या की, फिर खुद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। कमरे में बंद 22 दिन के दुधमुंहे बच्चे की भी भूख-प्यास से मौत हो गई। शव और शिशु को बंद कर दिया था।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** पटना से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है।



शुक्रवार को बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। यह धमकी एक अज्ञात ईमेलके जरिए विधानसभा के आधिकारिक मेल आईडी पर भेजी गई थी। सूचना जल्द ही अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को दी गई।

बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर गहमा- गहमी नहीं हो सकी खत्म

# भाजपा कोर ग्रुप की बैठक टली, सरकार के गठन पर चर्चा की, नाम पर नहीं लगी मुहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार भाजपा कोर ग्रुप की प्रस्तावित बैठक, जो शुक्रवार शाम 6 बजे होनी थी, अब आयोजित नहीं हो सकी। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वापस पटना चले हैं, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी पटना लौट गए। वहीं, भाजपा के बिहार प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने दोनों डिप्टी सीएम से अलग-अलग मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इन बैठकों में बिहार में भाजपा की अगली सरकार के गठन को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में एनडीए के शीर्ष नेता बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम और मंत्रिस्तरीय विभागों के वितरण को अंतिम रूप देने वाले थे। इन फैसलों को संभवतः प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार की उपस्थिति में लिया जाएगा, जो बैठक के महत्व को रेखांकित करता है, जहां बिहार में नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी।

प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मिले, बिहार के नेतागण दिल्ली से पटना लौटे



नई दिल्ली में बैठक के पहले शाह, सम्राट और तावड़े

### नीतीश जल्द देंगे इस्तीफा

बिहार में चल रहे राजनीतिक परिवर्तन के बीच ये उच्च स्तरीय विचार-विमर्श हो रहे हैं, जहां नीतीश कुमार ने राज्यसभा में प्रवेश करने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का संकेत दे दिया है। इन घटनाक्रमों से संकेत मिलता है कि एनडीए राज्य में सुचारू नेतृत्व और नई सरकार के गठन को सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठा रहा है।

### पर्यवेक्षक भेजने की भी चर्चा

भाजपा की इस बैठक में नए सीएम के नाम सहमति बनाने की कोशिश होनी थी, जिसके बाद संसदीय बोर्ड बैठक में मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाई जाती। भाजपा के सीएम के नाम की घोषणा दिल्ली में नहीं हुई तो फिर पटना में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के बाद पर्यवेक्षक ऐलान करेंगे।

पीएम मोदी ने नीतीश को दी बधाई

### फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा साथ ही, हरिवंश की भी सराहना की

प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि नीतीश ने



बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि संसद में एक बार फिर नीतीश को देखना अत्यंत सुखद अनुभव होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि नीतीश के लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी। एक्स पर लिखा कि नीतीश जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है। उन्हें ढेरों शुभकामनाएं। वहीं, हरिवंश नारायण सिंह को भी राज्यसभा का सदस्य बनने पर बधाई दी। पीएम ने एक्स पर लिखा, हरिवंश ने पत्रकारिता,सार्वजनिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया है। वे एक सम्मानित बुद्धिजीवी और विचारक हैं। सदन की कार्यवाही को समृद्ध किया है।

## नीतीश ने ली राज्यसभा सांसद पद की शपथ

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद पद की शपथ ले ली है। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के अलावा बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी इस दौरान संसद भवन में मौजूद रहे।



**नीतीश बोले- पहले तो हम यहीं न थे**

जब नीतीश निकले, तो चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए सिर्फ एक वाक्य कहा कि पहले तो हम यहीं न थे। कोई नई बात नही है।

पूर्व उपसभापति तीसरी बार जाएंगे राज्यसभा

## हरिवंश को राष्ट्रपति ने किया नामित



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को फिर से राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। हरिवंश अभी तक जेडीयू कोटे से राज्यसभा सांसद थे। जेडीयू ने लगातार उन्हें 2 बार राज्यसभा भेजा था। इसलिए इस बार उन्हें राष्ट्रपति ने मनोनीत किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरिवंश को राज्यसभा के लिए नामित किया है। वे इससे पहले दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

मतदाता सूची फ्रीज करने का मामला

## 9 को सूची जारी की, सीजेआई की पीठ 13 को करेगी सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को फ्रीज करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। आयोग के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 13 अप्रैल को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने इस मामले पर नई याचिका के साथ लंबित याचिकाओं पर भी विचार करने पर सहमति जताई। आयोग ने पहले चरण के सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदाता सूची को अंतिम रूप देते हुए फ्रीज कर दिया था। मतदाता सूची फ्रीज करने का मतलब है कि इस विधानसभा चुनावों के लिए सूची में किसी भी नए व्यक्ति को जोड़ा नहीं जा सकेगा, जिसका नाम हटा दिया गया है। यहां एक चरण में 29 अप्रैल को चुनाव होना है।

जाति जनगणना रोकने की मांग वाली अर्जी खारिज

### ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं? फटकार लगाई

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं?

पत्नी का भरण-पोषण करना पति की जिम्मेदारी

### रोजाना 325 रुपए कमाई, पति को दिया 10 हजार गुजारा भत्ता देने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते उस शख्स को अपनी पत्नी को प्रति माह 10 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया, जिसने क्लेम किया था कि उसकी रोजाना की कमाई महज 325 रुपए ही है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले में हाईकोर्ट के पहले दिए गए ऑर्डर में दखल देने से इनकार किया और पत्नी की तरफ से भत्ता बढ़ाने की अर्जी का निपटारा कर दिया।

खेड़ा को 7 दिन की मिली राहत

## हाईकोर्ट ने दी अग्रिम जमानत संबंधित कोर्ट में जाने को कहा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम में दर्ज एक मामले में



एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। यह राहत शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। इस दौरान उन्हें कुछ शर्तों के साथ गिरफ्तारी से राहत मिलेगी।

### असम पुलिस ने दर्ज किया मामला

यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। खेड़ा पर आरोप है उन्होंने सीएम हिमंत सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसकी सही जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई।

उपराष्ट्रपति ने किया संविधान का सिंधी संस्करण लॉन्च

# भाषाई विविधता पर दिया जोर, एकता का सूत्र बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया। यह सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर किया गया। उपराष्ट्रपति ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिंधी दुनिया की प्राचीन भाषाओं में से एक है। इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो प्रेम, एकता और भाईचारे के मूल्यों को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद शंकर लालवानी और विधायी विभाग के सचिव डॉ. राजीवमणि भी थे।

## सिंधी भाषा दिवस पर समुदाय को शुभकामनाएं दी



**भाषाई समावेशिता की दिशा में बड़ा कदम**

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार विशेष रूप से देवनागरी लिपि में सिंधी भाषा में संविधान का प्रकाशन भाषाई समावेशिता को मजबूत करने की दिशा में अहम है। उन्होंने संविधान को राष्ट्र की जीवंत आत्मा बताया। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्रालय और क्षेत्रीय भाषा अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया।

**केंद्र सरकार के प्रयासों को सराहा**

उन्होंने केंद्र द्वारा संविधान को विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। इससे नागरिकों और शासन के बीच की दूरी कम होती है। मातृभाषा में संविधान उपलब्ध होने से नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है।

### सिंधी भाषा का ऐतिहासिक महत्व

सिंधी समुदाय की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभाजन के कठिन दौर में यह भाषा एकता और दृढ़ता का प्रतीक बनी रही। उन्होंने बताया कि 1967 में 21 वें संवैधानिक संशोधन के जरिए सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविधता में निहित है और भाषाएं संस्कृति, परंपरा और पहचान की महत्वपूर्ण वाहक हैं।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए का बड़ा दावा

# यूएस के युद्धपोत पर चीनी मिसाइलों से किया था हमला, पाक के रास्ते पहुंची थीं ईरान, इजराइली राजदूत बोले- भरोसे के लायक नहीं पाकिस्तान

> माइक फ्लिन ने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को मिसाइलें पहुंचाई हैं, तो यह अमेरिका के खिलाफ एक सोची-समझी सैन्य साजिश है। अमेरिका को चीन और पाकिस्तान को तुरंत नोटिस पर रखना

*'मोसाद कमेंट्री' की एक रिपोर्ट का दिया हवाला*

*ये सीधे तौर पर यूएस के खिलाफ 'युद्ध की कार्रवाई'*

*ये यूएस के खिलाफ सोची-समझी साजिश*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ यरूशलम

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जनरल माइक फ्लिन ने



सनसनीखेज दावा किया है। माइक फ्लिन ने कहा है कि ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत पर हमला करने के लिए जिन मिसाइलों का इस्तेमाल किया, वे चीन की थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसे पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा गया था। फ्लिन ने इसे सीधे तौर पर 'युद्ध की कार्रवाई' यानी, एक्ट ऑफ वार करार दिया है।

### यह खुला युद्ध है

माइक फ्लिन ने सोशल मीडिया पर 'मोसाद कमेंट्री' की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन और पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को मिसाइलें पहुंचाई हैं, तो यह अमेरिका के खिलाफ एक सोची-समझी सैन्य साजिश है। फ्लिन ने कहा कि अमेरिका को चीन और पाकिस्तान को तुरंत नोटिस पर रखना चाहिए। उन्होंने यहां तक सुझाव दे डाला कि जवाबी कार्रवाई के रूप में अमेरिका में पढ़ रहे लगभग 5 लाख चीनी छात्रों को तुरंत वापस उनके देश भेज देना चाहिए।



यूएसएस अब्राहम लिंकन युद्धपोत फाइल फोटो

## अमेरिका अपने कारणों से पाक की मदद कर रहाः इजराइली राजदूत



भारत में इजराइली राजदूत रूवेन अजार ने युद्धविराम में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर कहा कि इजराइल पाकिस्तान विश्वसनीय खिलाड़ी नहीं मानता। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने कारणों से पाकिस्तान की मदद ले रहा है। अजार ने कहा कि हमने अतीत में देखा है कि कैसे अमेरिका ने कतर और तुर्की जैसे समस्याग्रस्त देशों को साथ लेकर, हमास के साथ समझौता करने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उनका इस्तेमाल किया है।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा नुकसान

भारत के उस रुख की सराहना की, जिसमें होर्मुज जलसंधि को बिना किसी रुकावट के खुला रखने की बात कही गई है। अजार ने कहा कि इजराइल को अपने उत्तरी सीमा की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। लेबनान के दक्षिणी हिस्से, खासकर लिटानी नदी के पास, हिजबुल्ला की मौजूदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उसे पूरी तरह निशस्त्र करना होगा। अजार ने कहा कि इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। ईरान की मिसाइल क्षमता को काफी कम कर दिया।

### पाक के रक्षा मंत्री पर भड़के नेतन्याहू

## इजराइल के विनाश की बात करना अस्वीकार्य



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा इजराइल के विनाश की बात करना बेहद आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा बयान है जिसे किसी भी सरकार की ओर से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब वह खुद को शांति का पक्षधर बताती है।

## आतंकियों के खिलाफ खुद की रक्षा करता रहेगा इजराइलः गिदोन सार

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने ख्वाजा आसिफ के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा कि इजराइल अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। इजराइल को कैंसर बताना न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह देश के अस्तित्व को मिटाने की खुली बात है। उन्होंने इसे यहूदी विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताते हुए कहा कि इजराइल उन आतंकियों के खिलाफ खुद की रक्षा करेगा जो उसके विनाश की बात करते हैं।

## इजराइल ने लेबनान के कई शहरों में फिर बरसाए

इजराइल ने एक बार फिर दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले किए हैं, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो अलग-अलग जगहों को निशाना बनाया गया। पहला हवाई हमला बजौरियेह नाम के कस्बे पर किया गया, जबकि दूसरा हमला हन्नाउइयाह के आसपास के इलाकों में हुआ। इन हमलों के बाद क्षेत्र में डर और अनिश्चितता का माहौल बन गया है। फिलहाल नुकसान और हताहतों की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।

### सराफंद शहर में किया हवाई हमला

इजराइल ने सराफंद शहर को सुबह से अब तक दो बार हवाई हमलों से निशाना बनाया है। इसके अलावा, अल-बयासिरिया के बाहरी इलाके स्थित खिरबत अल-दुवैर क्षेत्र में भी इजरायली सेना द्वारा हमला किया गया है। लगातार हो रहे इन हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और हालात और अधिक तनावपूर्ण हो गए हैं। दक्षिण लेबनान के हनीन शहर में इजराइली सेना ने कई घरों को विस्फोट कर उड़ा दिया है। स्थानीय स्तर पर भारी नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच, दक्षिण लेबनान से इजराइल के उत्तरी क्षेत्र गैलिली की ओर रॉकेट हमले भी किए जाने की जानकारी मिली है, जिससे सीमा पर संघर्ष और तेज हो गया है।

## यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक ने प्रभावित देशों की मदद के लिए 5.9 अरब डॉलर की राहत का किया ऐलान

यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित देशों की मदद के लिए बड़ा आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। बैंक ने कुल 5 अरब यूरो (लगभग 5.9 अरब डॉलर) की सहायता देने का फैसला किया है। यह सहायता उन देशों के लिए होगी जिनकी अर्थव्यवस्था संघर्ष के कारण प्रभावित हुई है। इसमें इराक, जॉर्डन, लेबनान, फलस्तीन के कब्जे वाला वेस्ट बैंक और गाजा शामिल हैं। इसके अलावा मिस्र, तुर्किए, आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे पड़ोसी देश भी इस मदद का हिस्सा होंगे।

### कतर पहुंचे हरदीप सिंह पुरी

## ऊर्जा आपूर्ति और सहयोग पर अहम चर्चा




पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को दोहा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कतर के ऊर्जा मामलों के राज्य मंत्री और कतरएनर्जी के प्रमुख साद शरीदा अल-काबी से मुलाकात की। बैठक में भारत-कतर के बीच ऊर्जा सहयोग और मौजूदा क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। पुरी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को पीएम नरेंद्र मोदी का संदेश और शुभकामनाएं दीं। दोनों पक्षों ने हालिया तनाव के बीच शांति और स्थिरता की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही व्यापार, निवेश और ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति बनी। कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हाल ही में क्षेत्रीय संघर्ष के कारण एलएनजी उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार पर असर पड़ा है। ऐसे में यह दौरा भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## इजराइली हमलों पर भारत ने जताई चिंता



लेबनान पर इजराइल के ताबड़तोड़ हमलों में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर भारत ने गहरी चिंता जताई है और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन तथा देशों की संप्रभुता के सम्मान पर जोर दिया है। भारत ने लेबनान के हालात पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इन हमलों में आम नागरिकों के बड़ी संख्या में मारे जाने की घटना बहुत परेशान करने वाली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा आम नागरिकों की सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता बताया है। अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना, और देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना जरूरी है।₹ सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया कि इस इलाके में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पक्की करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। लेबनान में हमारा दूतावास, भारतीय समुदाय की सुरक्षा और हिफाजत के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में है। लेबनान में यूएन की ओर से भारतीय सैनिक शांति और सुरक्षा में लगे हुए हैं।

## ईरान के पूर्व विदेश मंत्री खराजी की मौत



ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह पिछले सप्ताह हुए अमेरिकी हवाई हमले में घायल हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में उनके घर पर हमला हुआ था। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी मौत को एक 'हत्या की कोशिश' बताया गया है। खराजी ईरान की 'स्ट्रेटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल' के अध्यक्ष हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है।

## जापान आपातकालीन भंडार से तेल जारी करेगा



जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने घोषणा की है कि मई की शुरुआत से देश अपने आपातकालीन भंडार से 20 दिनों के तेल की आपूर्ति जारी करेगा। जापान अपनी लगभग 95 प्रतिशत तेल आवश्यकताओं के लिए मध्य पूर्व पर निर्भर है। देश ने मार्च के मध्य से ही अपने भंडार से तेल निकालना शुरू कर दिया था। कुल मिलाकर, जापान लगभग 50 दिनों की खपत के बराबर तेल बाजार में उपलब्ध करा रहा है। 6 अप्रैल तक, जापान के पास अपने भंडार में लगभग 230 दिनों के उपयोग के लिए पर्याप्त तेल मौजूद था।

## पाक रक्षा मंत्री ने डिलीट किए इजराइल के खिलाफ पोस्ट



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजराइल पर तीखी टिप्पणी को अपने सोशल मीडिया पोस्ट हटा लिया है। आसिफ ने पहले इजराइल की आलोचना करते हुए उसे मानवता के लिए अभिशाप बताया था और कथित तौर पर 'नरक में जलना' जैसी कड़ी भाषा का इस्तेमाल किया था। आसिफ ने लेबनान में हो रही हिंसा को नरसंहार करार दिया और कहा कि निर्दोष लोगों की जान जा रही है। मामले के तूल पकड़ने के बाद उन्होंने एक्स से अपना पोस्ट डिलीट कर दिया।

---

## खबर संक्षेप

### कांगड़ा में सड़का हादसा 3 की मौत, 27 घायल



**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के एनएच-503 पर ढलियारा स्थित 'खूनी मोड़' के पास राधा स्वामी सत्संग घर के नजदीक एक सड़क हादसे में 3 की मौत और 27 श्रद्धालु घायल हो गए। एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर करीब 90 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पंजाब के कपूरथला से श्रद्धालुओं का एक समूह ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर देवी दर्शन के लिए हिमाचल आया हुआ था।

### सीसीटीवी से पाक भेज रहे थे लाइव फीड, अरेस्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय जासूसी और हथियारों की तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने दिल्ली और पंजाब से गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विदेशी और देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।

### कर्नल पुरोहित ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नत



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के चर्चित मालेगांव ब्लास्ट 2008 केस में 9 साल तक जेल में रहने के बाद बरी हुए कर्नल श्रीकांत पुरोहित को प्रमोशन मिल गया है। सेना ने उन्हें ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नति के लिए मंजूरी दे दी है। कर्नल पुरोहित की पदोन्नति की याचिका पर सुनवाई के बाद, 31 मार्च को होने वाली उनकी सेवानिवृत्ति पर रोक लगा दी थी।

---


### विशेष आर्थिक पैकेज और उच्च शिक्षा क्षेत्र में किए गए एमओयू

# विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि पिछले एक वर्ष में भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पोर्ट लुई में मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से भेंट के बाद विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि चर्चा में समुद्री सहयोग, विकास साझेदारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता विकास और जन-संबंधों सहित कई क्षेत्र शामिल थे। उन्होंने मॉरीशस की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप भारत का निरंतर समर्थन दोहराया। डॉ. जयशंकर गुरुवार को नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉरीशस पहुंचे थे। अपने दौरे के दूसरे चरण में, विदेश मंत्री इस महीने की 11 से 12 तारीख को संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे।

> मॉरीशस के सिविल सेवकों को समर्पित पहला आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल लॉन्च



मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात करते विदेश मंत्री जयशंकर

## विदेश नीति में मॉरीशस का विशेष स्थान

जयशंकर ने कहा कि भारत की तीन प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं – पड़ोसी प्रथम नीति, महासागर परिकल्पना और ग्लोबल साउथ के लिए प्रतिबद्धता – में मॉरीशस का एक विशेष स्थान है। भारत ने मॉरीशस में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार में सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल समाधानों के क्षेत्र में भारत और मॉरीशस के बीच एक व्यापक और गतिशील साझेदारी है।

### 11 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

भारत और मॉरिशस के बीच विशेष आर्थिक पैकेज अनुबंध पर हस्ताक्षर हुआ जो मॉरीशस के बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य और सुरक्षा में मदद करेगा। साथ ही, मॉरीशस के उच्च शिक्षा आयोग और यूजीसी इंडिया के बीच सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान किया गया है। मॉरीशस में सतत विकास, ऊर्जा, खेल और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारत समर्थित 11 उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ। मॉरीशस के सिविल सेवकों को समर्पित पहला आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल लॉन्च किया गया है।

### जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री मोटेगी से की बात



फाइल फोटो

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोटेगी से शुक्रवार को फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज स्ट्रेट के खोलने को लेकर ताजा स्थिति पर चर्चा की। जापानी विदेश मंत्री ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान मारे गए भारतीयों के प्रति शोक जताया। वहीं जापानी विदेश मंत्री मोटेगी ने लिखा कि हमने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात, होर्मुज स्ट्रेट में नेविगेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने समेत हालात को स्थिर करने और ऊर्जा और संसाधनों की सप्लाई क्षमता की मजबूती बढ़ाने जैसे दूसरे मुद्दों पर बात की।

### भारत-यूएस के बीच कई क्षेत्रों में चर्चा

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी से अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मुलाकात



बाएं से विक्रम मिसरी, मार्को रुबियो, सर्जियो गोर

*अगले महीने भारत आएंगे अमेरिकी विदेश मंत्री*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो अगले महीने भारत दौरे पर आ सकते हैं। इसकी मजबूत संभावना तब जताई गई जब उन्होंने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ वॉशिंगटन स्थित व्हाइट हाउस में सकारात्मक बैठक की। बैठक में दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, क्रिटिकल मिनरल्स और उभरती तकनीकों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गति देने पर चर्चा की। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने बताया कि बातचीत का मुख्य फोकस द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करना था।

### *आतंकवाद से निपटने सहयोग पर की चर्चा*

*विक्रम मिसरी ने अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर काश पटेल से मुलाकात की। इस बातचीत का मुख्य मुद्दा रक्षा, आतंकवाद का विरोध और क्षेत्रीय सुरक्षा रहा। दोनों ने आतंकवाद, सुनियोजित अपराध और नारकोटिक्स से निपटने में भारत-अमेरिका के मजबूत सहयोग पर चर्चा की। बैठक में पारंपरिक रक्षा संबंधों के साथ-साथ कानून लागू करने और अंदरूनी सुरक्षा के मुद्दों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग पर जोर दिया गया। मिसरी ने उपसचिव क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ भी बातचीत की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट के अनुसार, दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका की मजबूत साझेदारी को फिर से दोहराया और पर्शियन गल्फ सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा, विक्रम मिसरी ने राजनीतिक मामलों की अंडर सेक्रेटरी एलिसन हुकर से भी बातचीत की।*



---

### 'लद्दाख के शेर' को रक्षा मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

## कारगिल युद्ध के नायक कर्नल वांगचुक का दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल में हुए युद्ध के नायक और लद्दाख के शेर के नाम से विख्यात कर्नल सोनम वांगचुक



(सेवानिवृत्त) का शुक्रवार को लेह में अचानक दिल का दौरा पड़ने की वजह से 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वांगचुक के निधन पर दुख जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राजनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि कर्नल सोनम वांगचुक निधन पर गहरा दुख पहुंचा है। वह भारतीय सेना के एक अत्यधिक सम्मानित अधिकारी थे। जो अपनी वीरता, दृढ़ नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण के लिए प्रसिद्ध थे। बतौर लद्दाख के गौरवान्वित सपूत के रूप में उन्होंने इस क्षेत्र की भावना का प्रतीक प्रस्तुत किया। बता दें, युद्ध के दौरान 28 से 30 मई 1999 को कर्नल वांगचुक ने दुश्मन की एक निगरानी पोस्ट पर अचानक हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया था। उनकी इस कार्रवाई में करीब 6 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए थे। जिसे इस युद्ध में मिली निर्णायक जीत के पीछे छिपे एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में माना जाता है।

### रूस में फंसे 26 भारतीयों का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस, एक हफ्ते के भीतर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस में फंसे 26 भारतीय नागरिकों को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। आरोप है कि इन्हें नौकरी का झांसा देकर रूस ले जाया गया और वहां जबरन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल कर दिया गया। अब कोर्ट ने केंद्र सरकार से इस मामले पर जवाब मांगा है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत कर रहे थे, ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने सरकार से एक हफ्ते के भीतर जवाब देने को कहा है। परिवारों की ओर से पेश वकीलों ने कोर्ट को बताया कि फंसे हुए लोगों ने संदेश भेजकर कहा है कि वे रूस में हैं और अपनी मर्जी के खिलाफ युद्ध लड़ने को मजबूर हैं।

> नौकरी का झांसा देकर जबरन भर्ती का आरोप

> हर जगह मांगी मदद, ठोस जानकारी नहीं मिली



### पासपोर्ट छीने, आवाजाही पर लगाई रोक

याचिका में कहा गया है कि ये 26 भारतीय वैध वीजा पर रूस गए थे। कुछ पर्यटक के रूप में और कुछ छात्र बनकर वहां पहुंचे थे। लेकिन वहां पहुंचने के बाद उनके पासपोर्ट छीन लिए गए, उनकी आवाजाही पर रोक लगा दी गई और उन्हें रूसी सेना से जुड़े सैन्य इकाइयों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। परिवारों का कहना है कि उनके साथ धोखा हुआ और उन्हें झूठे वादों के जरिए फंसाया गया।

### *अक्टूबर 2025 में मिले थे आखिरी संदेश*

*परिवारों के मुताबिक, सितंबर से अक्टूबर 2025 के बीच मिले आखिरी संदेशों से पता चला कि ये लोग युद्ध वाले इलाकों जैसे कुपियांस्क, सेलिदोवे, माकीवका और चेल्याबिंस्क के आसपास थे। इन संदेशों में उन्होंने डर जताया था और कहा था कि वे वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। कई मामलों में इसके बाद से उनका संपर्क पूरी तरह टूट गया है। परिवारों को अब यह भी नहीं पता कि उनके अपने किस हालत में हैं और कहां हैं।*

### *नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे*

*याचिका में कहा गया है कि परिवारों ने विदेश मंत्रालय, मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास, गृह मंत्रालय और राज्य सरकारों से कई बार मदद मांगी, लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी या ठोस सहायता नहीं मिली। संविधान के अनुच्छेद 32 का हवाला देते हुए कहा गया है कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह विदेश में फंसे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, खासकर जब वे खुद अपनी रक्षा नहीं कर सकते। साथ ही याचिका में ऐसे फर्जी भर्ती नेटवर्क पर भी चिंता जताई गई है, जो लोगों को नौकरी का लालच देकर विदेश भेजते हैं और उन्हें खतरे में डाल देते हैं।*



# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।

लाइफ Style

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

## टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!


**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो



माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।

# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



### शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैत: ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



### अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप

# आयुष का उलटफेर, क्रिस्टी बाहर, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| निंगबो

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने कॅरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की। मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी का सामना अब थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण से होगा, जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन हैं।

### क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर की पहली भिड़ंत



यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। शेट्टी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के साथ मिलकर रणनीति रूप से पूरी तरह तैयार दिखे, जो पहले क्रिस्टी के भी कोच थे। भारतीय खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के हर शॉट का करारा जवाब दिया और अपने कोण और अनुशासित डिफेंस से उन्हें परेशान कर दिया। शेट्टी शुरु में शेट्टी 2-0 और 5-3 से आगे चल रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने फिर नियंत्रण बनाकर स्कोर 6-5 कर लिया। इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने अपनी गति और कोण में लगातार बदलाव किया, जिससे छह फुट चार इंच लंबे भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बन गया। क्रिस्टी इस तरह 9-6 से आगे हो गए और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाए थे। मंगलुरु के शेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए जल्द ही अंतर खत्म कर दिया।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# भारत ने गोल्ड मेडल जीतकर किया यादगार समापन

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर

भारत ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने यादगार अभियान का समापन पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक के साथ किया। विश्वनाथ ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए जापान के दाइची इवाई को 5-0 से शिकस्त दी। सचिन (60 किलोग्राम) ने कड़े मुकाबले में रजत पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया, जिससे पुरुषों की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कजाकिस्तान ने भारत से एक स्वर्ण पदक ज्यादा जीता और तालिका में शीर्ष पर रहा। हालांकि कुल मिलाकर सबसे अधिक (16) पदक भारत ने ही जीते।

### विश्वनाथ सुरेश ने फाइनल में बनाया दबदबा, जीता स्वर्ण पदक



### भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन

इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा, जिसमें उन्होंने 10 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इन 10 पदकों में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे, जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है।

## खबर संक्षेप



### मास्टर्स टूर्नामेंटः आरोन राय संयुक्त 10वें स्थान पर

**आगस्टा।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की लेकिन आखिर में उनका स्कोर एक अंडर 71 रहा, जिससे वह 90वें मास्टर्स टूर्नामेंट में पहले दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। वह शीर्ष पर चल रहे मौजूदा चैंपियन रोरी मैकलॉय और सैम बर्न्स से चार शॉट पीछे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। वह अभी संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। उन्होंने बैक नाइन पर तीन बोगी और एक डबल बोगी की, जिसके कारण वह अच्छी शुरुआत के बावजूद नीचे खिसक गए।

### जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच बने वाइट



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे।

### व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारत की 3x3 महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक स्कॉटिश इवेंट कैंपस में खेली जाएगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ एशिया ओशिनिया क्वालीफायर के जरिए क्वालीफाई किया है।

राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया

# 300 के स्ट्राइक रेट से वैभव ने ठोकी फिफ्टी, लगाए 8 चौके और 7 छक्के

**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट के 'धुरंधर' सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हराकर अपना अश्वमेधी अभियान जारी रखा। वैभव ने आरसीबी जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ 202 रन के लक्ष्य के जवाब में रॉयल्स को दो ओवर बाकी रहते एकतरफा जीत दिलाई। ध्रुव जुरेल ने 43 गेंद में नाबाद 81 रन बनाकर 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभाई। वैभव ने तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह की गेंद पर लांग आन सीमा के ऊपर 80 मीटर का छक्का लगाया। 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी ने 300 के स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। वहीं वैभव ने 15 बॉल पर फिफ्टी ठोकी। जुरेल और सूर्यवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 6.1 ओवर में 108 रन जोड़े। जुरेल ने अभिनंदन को खासी नसीहत देते हुए उनके एक ओवर में 24 रन बनाए।

### सूर्यवंशी ने बनाए 3 बड़े रिकॉर्ड

1- वैभव सूर्यवंशी ने इस बेहतरीन पारी के साथ कई दिग्गजों की लिस्ट में एंट्री कर ली है। उन्होंने आईपीएल में भारत के लिए सबसे तेज पचासे के मामले में दूसरी बार अपना सबसे तेज और बतौर भारतीय आईपीएल में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा।

आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक (भारतीय)

- 13 गेंदः यशस्वी जायसवाल (राजस्थान) बनाम केकेआर, 2023
- 14 गेंदः केएल राहुल (पंजाब किंग्स) बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 2018
- 15 गेंदः युसुफ पठान (केकेआर) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, 2014
- 15 गेंदः वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान) बनाम सीएसके, 2026
- 15 गेंदः वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान) बनाम आरसीबी, 2026*




2- साथ ही पॉवरप्ले में अर्धशतक के मामले में वैभव ने दिग्गज जोस बटलर की बराबरी की। इस मामले में उन्होंने अपने ओपनिंग पार्टनर यशस्वी जायसवाल समेत चार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है।

पॉवरप्ले के अंदर आईपीएल में सबसे ज्यादा अर्धशतक

- जोस बटलर : 3 बार
- वैभव सूर्यवंशी : 3 बार
- यशस्वी जायसवाल : 2 बार
- माइकल लम्ब : 1 बार
- बेन स्टोक्स : 1 बार
- नीतीश राणा : 1 बार

3- इसके अलावा 20 से कम गेंद में सबसे ज्यादा पचासे के मामले में वैभव सूर्यवंशी ने ट्रेविस हेड और मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की है। उन्होंने तीसरी बार 20 से कम गेंद में आईपीएल अर्धशतक जड़ा।

आईपीएल में 20 से कम गेंद में सबसे ज्यादा अर्धशतक

- 4 : निकोलस पूरन
- 4 : अभिषेक शर्मा
- 3 : जेक फ्रेजर मैकगर्क
- 3 : ट्रेविस हेड
- 3 : वैभव सूर्यवंशी

### वैभव ने लगाई हेजलवुड की क्लास, 4 गेंद पर ठोके 18 रन

वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपना जलवा दिखाया और आरसीबी के खिलाफ 15 गेंद पर अपना अर्धशतक ठोक दिया। उन्होंने जोश हेजलवुड की भयंकर पिटाई की और उनकी 4 गेंद पर भी 18 रन ठोक दिए।

### पाटीदार की कप्तानी पारी

इससे पहले रजत पाटीदार की कप्तानी पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विकेटों के पतन के बीच आठ विकेट पर 201 रन बनाए। पाटीदार ने 40 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 63 रन बनाए। एक समय पर आरसीबी के छह विकेट 94 रन पर गिर गए थे,जिसके बाद उन्होंने मोर्चा संभाला। विराट कोहली (16 गेंद में 32 रन ) समेत गत चैम्पियन आरसीबी के सभी बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के प्रयास में आउट हो गए। आखिरी ओवरों में इंपैक्ट सब वेंकटेश अय्यर ने 15 गेंद में 29 रन बनाए, जिसमें संदीप शर्मा के आखिरी ओवर में 21 रन बने।

### जडेजा ने पूरे किए टी20 में 4 हजार रन

रवींद्र जडेजा ने इस मुकाबले में टी20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए। जडेजा इसके साथ ही टी20 क्रिकेट में 4 हजार रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। जडेजा से पहले यह कारनामा सिर्फ हार्दिक पांड्या ही कर सके हैं। जडेजा ओवरऑल यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के 25वें खिलाड़ी हैं। जडेजा ने गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर के स्पेल में सिर्फ 14 रन खर्च किए और रोमारियो शेफर्ड का बड़ा विकेट अपने नाम किया।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट का जुरेल बो आर्चर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कोहली बो बिश्नोई | 32 | 16 | 7 | 0 |
| पडिक्कल का हेटमायेर बो आर्चर | 14 | 07 | 3 | 0 |
| पाटीदार का फरेरा बो शर्मा | 63 | 40 | 4 | 4 |
| पंड्या का हेटमायेर बो बिश्नोई | 01 | 06 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो बृजेश | 05 | 08 | 0 | 0 |
| डेविड का हेटमायेर बो बृजेश | 13 | 09 | 2 | 0 |
| शेफर्ड का बृजेश बो जडेजा | 22 | 11 | 2 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 29 | 15 | 1 | 2 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 09 | 07 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन, कुल : 20 ओवर में 201/8 रन

गेंदबाजी : आर्चर 3-0-33-2, बर्गर 3-0-32-0, शर्मा 4-0-47-1, बिश्नोई 4-0-32-2, जडेजा 2-0-14-1, बृजेश 4-0-37-2

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का शर्मा बो हेजलवुड | 13 | 8 | 0 | 2 |
| सूर्यवंशी का कोहली बो पंड्या | 78 | 26 | 8 | 7 |
| जुरेल नाबाद | 81 | 43 | 8 | 3 |
| हेटमायेर का हेजलवुड बो पंड्या | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पराग का पंड्या बो हेजलवुड | 03 | 05 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 | 25 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : तीन रन, कुल: 18 ओवर में 202/4 रन

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-37-0, हेजलवुड 4-0-44-2, अभिनंदन 3-0-54-0, पंड्या 4-0-30-2, डेविड 1-0-18-0, शेफर्ड 2-0-18-0


## सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

**मुल्लांपुर।** पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना।



## सीएसके खाता खोलने को बेताब आज दिल्ली कैपिटल्स से सामना

**चेन्नई।** सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है। सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



कैंडिडेट्स शतरंज

# बढ़त को और बढ़ाने आज गोर्याचकिना से भिड़ेंगी वैशाली

एजेंसी ▶▶| पाफोस

आर. प्रज्ञानानंदा के खिताबी दौड़ से बाहर होने के बाद सबका ध्यान उनकी बहन आर. वैशाली पर लगा हुआ है, जो एकल बढ़त बनाए हैं और विश्राम के बाद शनिवार को महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 11वें दौर में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का सामना करेंगी।

वैशाली का लक्ष्य अपनी बढ़त को और बढ़ाना और खिताब के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करना है। अगर वह ऐसा कर पाती हैं तो उन्हें इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। चार दौर बाकी रहते हुए वैशाली तीन भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे चल रही हैं। वह अपने छोटे भाई आर प्रज्ञानानंदा (ओपन वर्ग) और दिव्या देशमुख से



आगे हैं। वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और चीन की झू जिनर पर आधे अंक की बढ़त बनाई हुई है। कैटरीना लागनो, अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना और कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा पांच अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि दिव्या देशमुख उनसे और आधे अंक पीछे हैं। पूर्व महिला विश्व चैंपियन टैन झोंगयी 3.5 अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं।

### वैशाली ने अब तक हासिल की तीन जीत

वैशाली ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और सिर्फ एक बाजी गंवाई है। गोर्याचकिना के साथ बाजी के बाद उन्हें चीन की दो खिलाड़ियों और कैटरीना के खिलाफ बाजी खेलनी हैं। चार दौर बाकी होने के कारण टूर्नामेंट का नतीजा अभी भी किसी भी तरफ जा सकता है। अगर वह आखिरी दौर में अच्छा प्रदर्शन करती हैं तो वह खिताब जीत सकती हैं और इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका पा सकती हैं।

**'ओपन' वर्ग में मुकाबला एकतरफा :** 'ओपन' वर्ग में अब मुकाबला एकतरफा बन गया है, जिसमें जावोखिर सिंदारोव 10 में से आठ अंक लेकर फॉर्म में हैं। उज्बेकिस्तान के इस खिलाड़ी ने छह बाजी जीती हैं जबकि चार ड्रॉ खेले हैं। अब वह इस साल के विश्व चैंपियनशिप मैच में भारत के डी गुकेश के खिलाफ खेलने का मौका पाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं बशर्ते आखिरी दौर में कोई बड़ा उलटफेर न हो जाए।

# यूरोपा लीग : एस्टन विला की लगातार आठवीं जीत, बोलोग्ना को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

ओली वाटकिंस के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बोलोग्ना को 3-1 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

यह इस प्रतियोगिता में एस्टन विला की लगातार आठवीं जीत थी। क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में हाफ टाइम से ठीक पहले एजरी कोंसा ने यूरी टिलेमैन्स की घुमावदार कॉर्नर किक पर हेडर से एस्टन विला के लिए पहला गोल दागा। वाटकिंस ने दूसरे हाफ की



शुरुआत में ही गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया के पैरों के बीच से शॉट मारकर बढ़त को दोगुना कर दिया। अंतिम क्षणों में जोनाथन रोवे ने मेजबान बोलोग्ना के लिए गोल करके अंतर कम किया लेकिन वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में अपना दूसरा गोल दागकर एस्टन विला को मजबूती प्रदान की।

# जोशी ने चार शॉट से जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

खालिन जोशी ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 69 के स्कोर के साथ शुक्रवार को आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के 33 वर्षीय पेशेवर खिलाड़ी ने 68-68-70-69 के कार्ड खेलकर नौ अंडर 275 का कुल स्कोर बनाकर चार शॉट के अंतर से शीर्ष स्थान हासिल किया। पीजीटीआई में खालिन की यह सातवीं जीत है।

इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपए का इनाम मिला और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग में वह 55वें से 12वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65) ने अंतिम दौर में कोर्स-रिकॉर्ड छह अंडर 65 का स्कोर बनाकर ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में पांच अंडर 279 के कुल

आंध्र ओपन




स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह तीसरे दौर के बाद 13वें स्थान पर थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सत्र की रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार (70-74-68-68) ने दुबई के यश मजमूदार (71-69-69-71) के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

फीफा ने किया 52 रेफरी का चयन, तीन देश करेंगे मेजबानी

# फुटबॉल विश्व कप में इस बार फिर दिखेंगी महिला रेफरी

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेंगी। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है।





### टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी लेंगे हिस्सा

फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी हिस्सा लेंगे, जिनमें 52 रेफरी, 88 सहायक रेफरी और 30 वीडियो मैच अधिकारी शामिल हैं। यह संख्या विश्व कप 2022 में शामिल 139 मैच अधिकारियों से अधिक है। विश्व कप 2026 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप है, जिसमें 48 टीमें भाग लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। यही नहीं यह पहला विश्व कप होगा, जिसकी सह-मेजबानी तीन देश करेंगे।




पुरुष टीम भी दिखा रही दमखम, राजगीर में राष्ट्रीय मंच पर कर रही प्रदेश का प्रतिनिधित्व

रांची में ओड़िशा को 2-1 से हराकर महिला टीम ने बनाई खिताबी दावेदारी

# सब-जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में मप्र की महिला टीम फाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2026 में मध्यप्रदेश महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में ओडिशा को 2–1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं, दूसरी ओर 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2026 में प्रदेश की पुरुष टीम भी सशक्त खेल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। दोनों टीमों का प्रदर्शन प्रदेश की हॉकी प्रतिभा और प्रशिक्षण प्रणाली की मजबूती को दर्शाता है।



## सेमीफाइनल में महिला टीम का शानदार प्रदर्शन

रोमांचक मुकाबले में मप्र की महिला टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। टीम की ओर से पहला गोल नौसीन नाज़ ने किया, जिसने टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद केसर ने दूसरा गोल कर बढ़त को मजबूत किया।

## खिताब से एक कदम दूर

महिला टीम अब 12 अप्रैल को फाइनल मुकाबले में मेजबान झारखंड से भिड़ेगी। टीम का मनोबल ऊँचा है और खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ खिताब जीतने के लिए तैयार हैं।

## महिला टीम में युवा जोश और प्रतिभा का संगम

*मध्यप्रदेश महिला टीम में महक परिहार, साजेदा बेगम, शालिनी सिंह, रोली, स्नेहा दवाड़े, मानसी, प्रियंशी केश्त्रे, सुदीप्ता, नौसीन नाज, केशर, गीता श्री, भाविका, जागृति, प्रियंशी भावर, आक्शा खान, सादफ खान, विभा सिंह एवं मुस्कान रघुवंशी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया है।*



## स्नेहा दवाड़े बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

मप्र की प्रतिभाशाली खिलाड़ी स्नेहा दवाड़े को उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उनके खेल ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पुरुष टीम भी राष्ट्रीय मंच पर कर रही प्रभावी प्रदर्शन





राजगीर (बिहार) में आयोजित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश पुरुष टीम भी बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन कर रही है। टीम में आयुष राजक (गोलकीपर), आयुष सिंह लोधी, अनिल शुक्ला, अंश बाहुत्रा (कप्तान), अवि मणिकपुरी, अली गुफरान, रोनिन सिंह, सिद्धार्थ बेन, देवराज प्रजापत, करण गौतम, रायन उल हक, दीपक सिंह, गाजी खान, हर्षित धोटे (गोलकीपर), जितेन्द्र कहार, आजाद सुल्तानी, कुणाल कावरे एवं नंदू सिंह शामिल हैं। सभी खिलाड़ी अकादमी से प्रशिक्षित होकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एलएनसीटी कॉलेज में आयोजित होगा माय भारत बजट क्वेस्ट का ग्रैंड फिनाले

# नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारीः 12 व 13 को गूंजेगी 'अमृत पीढ़ी' की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में 12-13 अप्रैल को 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' के ग्रेंड फिनाले का आयोजन होने जा रहा है, जो युवाओं की भागीदारी और नीति-निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह दो दिवसीय आयोजन रायसेन रोड स्थित आर्यभट्ट ऑडिटोरियम, एलएनसीटी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर से चयनित युवा प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे केंद्रीय बजट 2026 से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा कर सकें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें। भोपाल में आयोजित इस ग्रैंड फिनाले में चयनित प्रतिभागी 'विकसित कृषि', 'मानव पूंजी', 'विकसित भारत' तथा 'महिला नेतृत्व एवं समावेशी विकास' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा करेंगे। कार्यक्रम की विशेषता 'नारी शक्तिः विकसित भारत की आवाज़' थीम पर आधारित महिला युवा संसद होगी, जिसमें महिला प्रतिभागी संसदीय शैली में महिला आरक्षण विधेयक जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगी। यह सत्र महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने और उनकी आवाज़ को राष्ट्रीय विमर्श में प्रमुखता से स्थापित करने का प्रयास है।



## यह होंगे कार्यक्रम

*12 अप्रैल को दोपहर सत्र में महिला युवा संसद आयोजित की जाएगी, जबकि 13 अप्रैल को उद्घाटन समारोह, 'माय भारत' सत्र और विशेषज्ञों की पैनल चर्चाएं होंगी। इसी दिन मध्य प्रदेश के 1051 चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय टॉपर्स के साथ केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। यह संवाद सहभागी शासन की भावना को साकार करता है, जिसमें युवा अपने विचार सीधे नीति-निर्माताओं तक पहुंचा सकते हैं। यह आयोजन न केवल युवाओं की बौद्धिक क्षमता और नेतृत्व कौशल को प्रदर्शित करेगा, बल्कि 'अमृत पीढ़ी' की उस ऊर्जा और संकल्प को भी उजागर करेगा, जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। भोपाल में होने वाला यह ग्रैंड फिनाले निश्चित रूप से युवाओं के विचारों, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को एक नई दिशा प्रदान करेगा।*

## 2 फरवरी को लॉन्च किया गया था यह कार्यक्रम

*गौरतलब है कि यह आयोजन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित 'मेरा युवा भारत (माय भारत)' पहल का हिस्सा है, जो युवाओं को नीति-निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' को 2 फरवरी को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा लॉन्च किया गया था। इस पहल के अंतर्गत देशभर के 12 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया और 46,500 से अधिक निबंध प्राप्त हुए, जिससे यह देश के सबसे बड़े युवा सहभागिता कार्यक्रमों में से एक बन गया है। यह प्रतियोगिता तीन चरणों राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और नेतृत्व संवाद में आयोजित की गई थी।*

# प्रथम सिक्स-ए-साइड बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंचुरियन क्रिकेट अकैडमी द्वारा प्रथम सिक्स-ए-साइड बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ बीएसएनएल के जनरल मैनेजर अरुण कुमार कुदेसिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यहां उपलब्ध आधुनिक सुविधाएं खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने खिलाड़ियों को इन सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि भविष्य में भोपाल से भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सामने आ सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ अकैडमी के मेंटर फैसल



मीर के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत अकैडमी के संचालक अभिनव रईसा एवं मोहसिन हसन द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर मीडिया 11 एवं सीसीए 11 के मध्य एक मैत्री मैच खेला गया, जिसने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

भाऊ साहेब निंबलकर ट्रॉफी अंडर-18 बॉयज क्रिकेट में रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' और भोपाल के बीच मैच

# भोपाल को 3 पॉइंट मिले, अंडर -18 गर्ल्स में भोपाल डिवीजन ने नर्मदापुरम को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाऊ साहेब निम्बलकर ट्रॉफी अंडर - 18 बॉयज जबलपुर में भोपाल और रेस्ट ऑफ़ एमपी 'ए' डिविजन के बीच खेले जा रहे मैच के चौथे व अंतिम दिन भोपाल ने दूसरी पारी में कल के स्कोर 6/124 रन से आगे खेलते हुए 258 रन बनाए, जिसमें नैतिक जैन ने 46, रबजीत सिंह मल्ही ने 44 और रुद्र प्रताप सिंह ने 23 रन बनाए । रेस्ट ऑफ़ एमपी के सृजन धयात ने 4, अथर्व पटेल ने 3और सुमित सिंह नें 2



विकेट लिए । भोपाल डिवीजन ने रेस्ट आफ एमपी ए को 284 रन का लक्ष्य दिया। रेस्ट ऑफ़ एमपी ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 13 रन बना लिए थे। मैच ड्रा हुआ। बढ़त के आधार पर भोपाल को 3 पॉइंट और रेस्ट आफ एमपी ए को 1 पॉइंट मिला । मैन ऑफ़ द मैच भोपाल डिविजन के नैतिक जैन रहे।

## भोपाल की समिका रहीं प्लेयर ऑफ द मैच



एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर -18 गर्ल्स लिमिटेड ओवर इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट ग्वालियर के रूप सिंह स्टेडियम में नर्मदापुरम डिविजन और भोपाल डिविजन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें नर्मदापुरम ने 47.5 ओवर में 146 रन पर ऑल आउट हो गई, इनमें आफिआ अली ने 40 और वान्या शुक्ला नें 26 रन बनाए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930

## भोपाल में ऐसी करीब 62 बसें थी, अधिकांश संचालकों ने पुरानी की जगह नई बसें लाई

# हाई कोर्ट के आदेश के बाद परिवहन विभाग की सख्ती शुरू, 15 साल पुरानी खटारा बसें सड़कों पर मिलीं तो होगी जब्त करने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की सड़कों से जल्द ही 15 साल पुरानी कमर्शियल बसें हटेंगी। सरकार के इस आदेश पर हाईकोर्ट ने सही बताते हुए। ऐसी बसों के संचालन पर रोक लगाने की बात कहीं थी। इसके बाद से परिवहन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि भोपाल सहित मप्र में करीब 15 साल से अधिक पुरानी 899 बसों का संचालन हो रहा था। ये बसें खटारा हो चुकी हैं, इसके बावजूद भी प्रदेश के शहरों के बीच सवारियां ढोने का काम कर रही हैं। मामले में सरकार ने सख्त कदम उठाया तो बस ऑपरेटर्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। 14 नवंबर 2025 को शासन ने आदेश जारी किया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

■ खटारा बसें शहर में ढो रही थीं सवारियां

### भोपाल में 15 साल से पुरानी 62 बसों का हो रहा था संचालन

भोपाल आरटीओ सूत्रों के अनुसार 15 साल से पुरानी बसों का लेखा-जोखा तैयार किया गया था। जिसमें आरटीओ से जारी हुए परमिट में 62 बसें ऐसी पाई गईं थीं, जो 15 साल से ज्यादा पुरानी हैं। ऐसी बसों में बस ऑपरेटर्स ने उन बसों का बदलकर अब नई बसों के रूप में बदल दी है। पुरानी बसों का परमिट नई बसों को जारी कर दिया गया। ऐसी स्थिति मप्र के अन्य जिलों में भी देखने को मिल रही है। भोपाल आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरटीओ अमला 15 साल पुरानी बसों को लेकर लगातार नजर रखे हुए। चेकिंग की जा रही है। भोपाल में अगर कोई बस संचालक 15 साल पुरानी बसों का संचालन करने मिलता है। तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किस संभाग में कितनी 15 साल पुरानी बसों का हो रहा था संचालन

| संभाग | बसों की संख्या जबलपुर |
|---|---|
| सागर | 209 |
| ग्वालियर | 139 |
| इंदौर | 156 |
| भोपाल | 62 |
| उज्जैन | 64 |
| रीवा | 54 |

### विभाग ने यह निर्णय लिया है

- 15 साल से अधिक पुरानी बसों का संचालन बंद किया जाएगा।
- सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण के लिए उक्त बसों का संचालन रोकना बहुत जरूरी है।
- यह कदम मानव संसाधन और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उठाया जा रहा है।
- 15 साल से अधिक पुरानी बसों के स्टेज कैरिज परमिट रद्द किए जाएंगे।

### देर रात सड़कों पर उतरा आरटीओ अमला: नियम विरुद्ध मिली पांच बसें, फिटनेस व बिना परमिट के दौड़ रही थीं

**भोपाल।** अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) पर गुरुवार देर रात आरटीओ की टीम ने अचानक दबिश दी। इस औचक कार्रवाई के दौरान बसों के दस्तावेजों, फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आरटीओ ने मौके पर ही पांच बसों को जब्त कर स्टैंड पर खड़ा करवा दिया। विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से बस संचालकों और स्टाफ में हड़कंप मच गया। स्टैंड से बाहर निकल रही बसों को रोककर उनकी जांच की गई। इस दौरान कुछ बसों में टैक्स बकाया मिला, तो कुछ के पास वैध परमिट और फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं थे। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त के दिशा निर्देश पर बसों की चेकिंग की गई। इस दौरान बस क्रमांक एमपी 04 एई 4728 को परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर लिया गया। वहीं, दो अन्य बसों पर गंभीर खामियां मिलने के कारण उनकी फिटनेस निरस्त कर दी गई। बस क्रमांक एमपी 28पी 0738 में इमरजेंसी एग्जिट ब्लॉक मिला, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। इसके अलावा एमपी 04 पीए 3676 में सीट खराब होने के साथ फायर एक्सटिंग्विशर नहीं पाया गया। कार्रवाई के दौरान पांच अन्य बसों पर भी मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 7 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

## भोपाल मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड टनल बनाने का मामला, मैनिट की टीम ने पिछले दिनों किया था सर्वे

# 15 दिन बाद तय होगा शालीमार ट्रेड सेंटर खाली होगा या नहीं, नॉन डिस्ट्रिक्टिव रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के रेलवे स्टेशन के पास अंडरग्राउंड टनल बनाने का काम 15 दिन के बाद ही शुरू हो सकेगा। दरअसल 45 साल पुराने जर्जर शालीमार सेंटर के नीचे अंडरग्राउंड टनल का काम शुरू होना है, लेकिन एसबीएम से खुदाई शुरू होने के पूर्व भवन की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों के बीच शुरू नहीं हो सका। मैनिट के विशेषज्ञों की टीम ने गत दिवस स्ट्रक्चरल सर्वे किया था। जिसके तहत सैंपल लिए गए थे।

भवन की नान डिस्ट्रिक्टिव टेस्ट (एनडीटी) की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि शालीमार ट्रेड सेंटर और होटल राजश्री की इमारत कितनी मजबूत है या नहीं। मैनिट सिविल विभाग के एचओडी एमएस चौहान ने बताया कि नान डिस्ट्रकिटव टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि शालीमार ट्रेड सेंटर और होटल राजश्री की इमारत कितनी मजबूत है। रिपोर्ट आने में 15 से 20 दिन लगेंगे। इसके बाद ही टनल बोरिंग मशीन से बोरिंग का काम शुरू हो सकेगा।

**टनल बोरिंग मशीन से खुदाई का काम भी रिपोर्ट के बाद ही होगा शुरू रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा संबंधित इमारतें कितनी मजबूत**

**45 साल पुराने जर्जर भवन में 80 से ज्यादा कार्यालय, होटल, मैनिट ने इमारत के दस्तावेज मांगे**



खस्ताहाल शालीमार ट्रेड सेंटर।




### दस्तावेजों भवनों का भी होगा आंकलन

मैनिट सिविल विभाग की टीम ने नगर निगम से शालीमार ट्रेड सेंटर और होटल राजश्री इमारत के दस्तावेज मांगें हैं। इनका का भी आंकलन किया जाना है। मैनिट को निगम उक्त दोनों इमारतों के दस्तावेज उपलब्ध करवाएगा।

### शहर में एक बड़ी लापरवाही यह भी...

शहर में 700 से ज्यादा जर्जर भवन, डेंजर घोषित, लेकिन हटाए नहीं गए राजधानी भोपाल में पांच हजार से ज्यादा मकान जर्जर हैं। इनमें से 700 से ज्यादा ऐसे हैं जिन्हें डेंजर घोषित किया गया है, लेकिन उन्हें न तो खाली करवाया गया न ही विस्थापन की योजना बनी। लोग जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं।

### कहां-कहां हैं जर्जर आवास

- बैरसिया रोड, बुधवारा, इतवारा, जहांगीराबाद, सुल्तानिया रोड, हमीदिया रोड पर करीब 1500 जर्जर इमारतें
- 242 जर्जर आवास ऐसे हैं जो कभी भी गिर सकते हैं
- 2004 में निगम के सर्वे में 977 जर्जर मकानों हुए थे चिन्हित
- शहर में 700 इमारतें अति जर्जर श्रेणी में हैं।
- 1500 से अधिक जर्जर आवासों को जारी किए थे नोटिस
- सबसे अधिक खतरनाक मकान पीर गेट, चौक बाजार, ऐशबाग और सेकेंड स्टॉप क्षेत्रों में हैं।
- नए शहर में 225 मकान-दुकानें जर्जर हैं, जिन्हें तोड़ा जाना है।

**पुरानी इमारत में सॉफ्टवेयर कंपनी, फायर इक्यूपेंटस, होटल**



शहर के रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड टनल के लिए टीबीएस से खुदाई को लेकर मामला सुरक्षा और सावधानी से जुड़ा है। जिन भवनों के नीचे खुदाई होना है उसमें लोहे की सेंटिंग और दरारों को मापने के लिए स्कैल लगा दिए गए थे, लेकिन भवन में कार्यरत लोग भय के बीच व्यवसाय का संचालन कर रहे थे। शालीमार ट्रेड सेंटर में कई होटल, साफटवेयर कंपनी के कार्यालय, फायर इक्यूपमेंटस की एजेंसी व अन्य व्यवसायी केंद्र हैं।

## श्रमिकों के लिए बनी सुविधा खुद बेहाल

# पूरी तरह खंडहर में तब्दील हुआ श्रम कल्याण मंडल


श्रम कल्याण मंडल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पटेल नगर स्थित श्रम कल्याण मंडल, जो कभी श्रमिकों के कल्याण और उनकी जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से बनाया गया था, आज बदहाल स्थिति में खंडहर में तब्दील हो चुका है। यह केंद्र श्रमिकों के लिए शादी सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन राशि, छात्रवृत्ति और अंतिम संस्कार जैसी योजनाओं के संचालन के लिए स्थापित किया गया था, लेकिन वर्तमान में यहां न तो कोई नियमित गतिविधि हो रही है और न ही श्रमिकों की आवाजाही।

हरिभूमि ने जब यहां स्थिति का निरीक्षण किया तो भवन वीरान मिला, गेट में जंग लगा था और परिसर में अतिक्रमण और गंदगी, जिसे देखने वाला भी कोई नहीं है। जानकारी के अनुसार, मंडल का संचालन पिछले कई वर्षों से लगभग ठप पड़ा हुआ है। जिसको एमपी सरकार ने 26 जुलाई 2023 को कल्याण मंडल का संचालन मंडल का पुनः निर्माण किया गया था। परिसर में अतिक्रमण की स्थिति बन गई है, जहां लोगों ने अपने वाहन खड़े करना शुरू कर दिए हैं। भवन के दरवाजों पर जंग लगे ताले लटके हुए हैं, जबकि अंदर टेबलों पर वर्षों पुरानी फाइलें धूल खा रही हैं।

मंडल के कर्मचारी केशव मिश्रा के अनुसार, यहां साल में केवल एक-दो महीने ही काम होता है। बाकी समय न तो कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है और न ही श्रमिक यहां पहुंचते हैं।

**सालों से बंद पड़ा संचालन, परिसर पर अतिक्रमण और मूलभूत सुविधाओं का अभाव**

### ऐसी स्थिति क्यों हुई


लगभग 40 साल पहले जब भवन बनाया गया था तब यहां श्रमिक परिवारों की संख्या अधिक थी। जब फैक्ट्रियां यहां से गोविंदपुरा सिफ्ट हो गई तब श्रमिकों की संख्या भी कम हो गई और श्रमिक परिवार यहां नहीं बचें। ऐसे में विभाग द्वारा संचालित राज्य सरकार की योजनाएं भी सिमटकर रह गईं। अब यहां हो रहा है यह कामअब यहां एक साल में केवल दो माह की काम होता है वो भी स्कॉलरशिप के लिए पंजीयन का। इस दौरान 400 से 500 लोग पंजीयन करवाते हैं, लेकिन खास बात यह कि यह पंजीयन भी आनलाइन होता है।

### चार दिन बाद देंगे जवाब

श्रम कल्याण मंडल पटेल नगर के क्षेत्रीय अधिकारी, मनीष श्रीवास्तव से इस मामले में जानकारी मांगने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने कहा कि, मै इसकी जवाब चार दिन बाद दूंगा।

## चित्रगुप्त जयंती पर 23 को निकलेगी शोभायात्रा

**भोपाल।** कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव 23 अप्रैल पर भगवान चित्रगुप्त जी की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। भगवान चित्रगुप्त वैशाख शुक्ल सप्तमी, गंगा दशहरा के दिन ब्रह्मा जी की काया से प्रकट हुए थे। मप्र युवा कायस्थ संगठन तथा भोपाल के समस्त कायस्थ संगठनों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन जवाहर चौक चित्रगुप्त भगवान मंदिर में होगा। आयोजन समिति के प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त भव्य आयोजन की सफलता के लिए संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसका संयोजक संजीव श्रीवास्तव को बनाया गया है।



## 300 भक्त भोपाल स्टेशन से हुए रवाना

# ब्रजदर्शन व गिरिराज जी परिक्रमा यात्रा का 25वां चरण हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला द्वारा धार्मिक यात्रा का शुक्रवार को 25वां चरण भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। इसमें भोपाल के समस्त मंदिर के पुजारियों, कर्मकांडी ब्राह्मणों एवं भागवत आचार्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पुजारी एवं भागवत आचार्य कर्मकाण्डी ब्राह्मण अपने अपने परिवार के साथ लगभग 300 की संख्या के साथ गोवर्धन परिक्रमा एवं बांके बिहारी के दर्शन के लिए भोपाल से 1 दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि मनोज शुक्ला द्वारा यह यात्रा निःशुल्क निकाली जाती है, जिसमे चयनित व्यक्तियों को गोवर्धन परिक्रमा एवम बांके बिहारी के दर्शन कराए जाते हैं। इस बार की यात्रा में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पुजारियों एवं कर्मकांडी ब्राह्मणों और भागवत आचार्यों को परिवार सहित मथुरा यात्रा के लिए चयनित किया गया है। ब्राह्मण परिवार भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर एकत्रित हुए।

**ब्राह्मण परिवार ने गो रक्षा व सेवा के संकल्प के साथ यात्रा के लिए किया शंखनाद**

## ऐबू, निफ्टू के प्रतिनिधिमंडल ने जीएम एचआर को सौंपा ज्ञापन

# भेल कर्मियों के लिए 'हॉलिडे होम' बुकिंग सुविधा को बहाल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन (ऐबू) संबद्ध नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (निफ्टू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को बीएचईएल प्रबंधन के समक्ष कर्मचारियों के हित में "हॉलिडे होम" बुकिंग सुविधा को पुनः प्रारंभ करने की मांग उठाई। यूनियन के इकाई महासचिव एवं एनएफआईटीयू के प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण गिरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जीएम (एचआर) टीयू सिंह से मुलाकात की। इस दौरान (एचआर/आईआर) की ओर से सुरेखा बंछौर भी उपस्थित रहीं। प्रतिनिधिमंडल ने बीएचईएल के निदेशक (मानव संसाधन) तजिंदर गुप्ता के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में यूनियन अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष आशीष सोनी, कोषाध्यक्ष विशाल वाणी, कार्यालय मंत्री योगेश देवस्कर एवं सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता शामिल थे। यूनियन ने ज्ञापन में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान सुरक्षा कारणों से बंद की गई हॉलिडे होम बुकिंग सुविधा को अब पुनः शुरू किया जाना चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संयुक्त समिति की बैठक में ऐबू यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा ये मुद्दा उठाने पर इस विषय पर पहले ही सहमति बन चुकी है और प्रबंधन द्वारा सुविधा बहाल करने का आश्वासन दिया गया था।



# वृद्धजनों की जांच कर स्वस्थ जीवन के बताए कारगर उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय होम्योपैथी औषधालय कवीटपुरा द्वारा शुक्रवार को होम्योपैथी के जनक डॉ हैनीमैन की जंयती और विश्व होम्योपैथी दिवस पर शाहजहांनाबाद आसरा वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी और योग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार पचौरी ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर में आसरा वृद्धा आश्रम में उपस्थित वृद्धजनों की शुगर, उच्च रक्तचाप की निःशुल्क जांचें कर औषधियों का वितरण किया गया। डॉ पचौरी ने वृद्धजनों को स्वास्थ्य लाभ के लिए जीवन में प्रतिदिन योग के आसन प्राणायाम और ध्यान को अपनाने की सलाह दी गई।शिविर में औषधालय की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भारती गुप्ता द्वारा वृद्धजनों की जांच की गई कर शारदा द्वारा औषधि का वितरण किया गया।



## अब तक 11 हजार से अधिक बेटियों का हुआ टीकाकरण

# एचपीवी टीकाकरण: एक दिन में दो हजार से ज्यादा बालिकाओं को लगाए गए टीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए 14 से 15 साल की बालिकाओं को एचपीवी टीके लगाए जा रहे है। शुक्रवार को शासकीय विभागों के समन्वित प्रयास से भोपाल में एक ही दिन में दो हजार से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण हुआ। महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे इस टीके की जानकारी परिजनों तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए थे। भोपाल में अब तक 11 हजार 725 बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है। विगत दिनों जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुमित पांडे द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग को स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने के निर्देश दिए गए थे। पूर्व में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल इला तिवारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को उनके क्षेत्र में आने वाले स्कूलों में टीकाकरण के लिए सहयोग हेतु निर्देशित किया था।



### रिकॉर्ड टीकाकरण

जिला प्रशासन के सहयोग से अन्य शासकीय विभागों द्वारा टीकाकरण कार्य में समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों में 14 से 15 साल की उम्र की बालिकाओं को यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। शुक्रवार को सभी विभागों के सहयोग से रिकार्ड एक दिन में दो हजार से ज्यादा बालिकाओं को टीका लगाया गया।

डॉ. मनीष शर्मा,
सीएमएचओ

## रोज मिल रहे 40 से ज्यादा लीकेज, दो महीने में 3812 सुधारे

**राजधानी के करोंद, भानपुर, शिव नगर सहित स्लम एरिया में लीकेज के अधिक मामले**

# कम नहीं हो रहे सिस्टम में लीकेज के मामले ... शहर में पाइप लाइनों में लीकेज की घटनाएं आ रहीं सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पाइप लाइनों में लीकेज के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद शहर में लीकेज सुधारने के लिए जल कार्य विभाग का अमला लगाया गया। अमला रोज 40 से ज्यादा लीकेज सुधार रहा है, लेकिन इसमें कमी नहीं आ रही है। बीते दो माह में 3812 लीकेज सुधारे गए हैं। वहीं सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का निराकरण भी जल कार्य का अमला कर रहा है। अधिकांश लीकेज के मामले पुराने शहर के करोंद, संत नगर, भानपुर और झुग्गी-बस्ती क्षेत्रों में मिल रहे हैं।

लीकेज के सबसे अधिक मामले करोंद से लगी कॉलोनियों, मोहल्लों, स्लम बस्तियों, गांधी नगर, भानपुर, काजीकैंप, छोला, जेपी नगर जैसे इलाकों में मिल रहे हैं। तीन हजार से ज्यादा लीकेज अब तक निगम का अमला सुधार चुका है। वहीं करोंद इलाके में बीते दिनों शिव नगर कॉलोनी में लीकेज से नाली का पानी घरों में सप्लाई होने का मामला भी सामने आया था। निगम को उक्त क्षेत्र में पाइप लाइन बदलना पड़ी।

**जल कार्य विभाग की 6 लोगों की टीम लीकेज सुधारने के काम में लगाई गई हैं**


फाइल फोटो।

### लोक भवन के सामने पाइप लाइन सुधारी, जल प्रदाय बहाल

लोक भवन के पास मंगलवार को फूटी कच्चे पानी की सप्लाई लाइन को शुक्रवार को सुधार दिया गया। कई जगह से लीकेज वाले पाइप का पूरा हिस्सा बदला गया है। नई लाइन जोड़ने के बाद यहां से पानी की सप्लाई प्लांट तक शुरू हो गई।

### लीकेज सुधारने की रुटीन कार्रवाई जारी है

नगर निगम में जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि पूरे शहर में जोन और वार्ड स्तर पर लीकेज सुधारने का काम रहा है। अधिकांश मामले स्लम एरिया में सामने आ रहे हैं। धीरे-धीरे में इनमें कमी आ रही है और कहीं भी गंदे पानी की शिकायत नहीं मिली है। जहां पाइप लाइनें बदलने की जरूरत है वहां बदले जा रहे हैं। पानी के वाल्व की जांच भी की जा रही है।

अरेरा हिल्स, निशातपुरा, गौतम नगर, शाहपुरा, अशोका गार्डन, रातीबड़ सहित तलैया पुलिस ने की कार्रवाई

# राजधानी में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई कर 6 गांजा तस्करों को मादक पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

## पुलिस ने कार्रवाई कर कुल 2 किलो 865 ग्राम मादक पदार्थ जब्त कर प्रकरण दर्ज किया

*पुलिस एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तस्करों से पूछताछ कर रही*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान में राजधानी की अरेरा हिल्स, निशातपुरा, गौतम नगर, शाहपुरा, अशोका गार्डन, रातीबड़ सहित तलैया हिल्स में पुलिस ने नशे के तस्करों को गिरफ्तार किया है। संबंधित थाना पुलिस एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तस्करों से पूछताछ कर रही है। अरेरा हिल्स पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि खेल छात्रावास के पास भीम नगर में एक युवक गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम राजू (50) खेल छात्रावास के पास भीम नगर बताया। उसकी तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर राजू के के पास से प्लास्टिक के झोला में रखा 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला आरोपी।

### तलैया में महिला गांजा तस्कर पकड़ाई

तलैया पुलिस ने महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 578 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड से एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सरोज कुचबंदिया (50) तिलक मार्केट इतवारा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास सफेद रंग की पन्नी में 578 ग्राम गांजा मिला। सरोज कुचबंदिया पर पूर्व में तीन आबकारी एक्ट और मारपीट के प्रकरण दर्ज है। अब सरोज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निशातपुरा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भाग्य होटल के पास खाली मैदान में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। आरोपी पहचान दीनदयाल साहू (63) कल्याण नगर, छोला मंदिर, हाल पता शुभ बिजनेस जोन, निशातपुरा के रूप में की गई। तलाशी लेने पर उसके पास पन्नी में रखा 245 गांजा बरामद किया गया। शाहपुरा पुलिस ने भी एक महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इंद्रा नगर से पूनम भालसे को गिरफ्तार कर उसके पास से 456 ग्राम गांजा बरामद किया गया। अशोका गार्डन पुलिस ने नवनीत वर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से 170 ग्राम गांजा जब्त किया। इसी प्रकार रातीबड़ पुलिस ने रानी बाई के पास से 116 ग्राम गांजा बरामद किया।

## ढाई महीने से ऑनलाइन जॉब कर रही युवती ने लगाई फांसी, मौत

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित मारुति नगर कोलुआ कला में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने उसका मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। युवती करीब ढाई महीने से ऑनलाइन जॉब कर रही थी। पुलिस के अनुसार निकिता विश्वकर्मा पिता महेश विश्वकर्मा (26) मारुति नगर, कोलुआ कला में रहती थी। करीब ढाई महीने से वह घर में ही रहकर ऑनलाइन जॉब कर रही थी। परिजन ने बताया कि रात में वह करीब 12 बजे तक काम करती थी और अपने ही कमरे में सोती थी। गुरुवार रात भी उसने काम किया। उसे बारह बजे तक कमरे में देखा था। शुक्रवार सुबह परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो उसने फांसी लगा ली थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**खबर संक्षेप**

### अमरनाथ यात्रियों की जांच के लिए बढ़ाए जाएं डॉक्टर

**भोपाल।** इस साल अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के स्वास्थ्य परीक्षण 9 अप्रैल से आरम्भ हो चुके हैं। इसके लिए अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मात्र 4 डॉक्टर्स ही अधिकृत किए हैं, जो कि भोपाल शहर एवं इसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से मेडिकल करने के लिए कम हैं। इस संबंध में ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि भोपाल एवं ग्रामीण क्षेत्र से लगभग प्रति वर्ष लगभग दस हजार से ज्यादा भोले के बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाते हैं। इसलिए मंडल श्राइन बोर्ड से मांग करता है कि यात्रा की तारीख शीघ्र घोषित की जाए, डॉक्टर्स की संख्या बढ़ाई जाए एवं मेडिकल के लिए प्रतिदिन एक समय निश्चित किया जाना चाहिए, जिससे मेडिकल कराने वाले भक्त समय पर उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा सकें इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

### अंशिका प्रधानमंत्री से करेगी वर्चुअल संवाद

**औबेदुल्लागंज।** ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की कक्षा 12वीं की छात्रा अंशिका नागर पुत्री राजू नागर, निवासी दिवटिया का चयन माय भारत बजट प्रतियोगिता-2026 के फाइनल राउंड के लिए चयन हुआ है। वह प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल संवाद में भाग लेंगी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 12 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था, जिसमें अंशिका नागर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और बजट संबंधी विषयों की गहरी समझ के आधार पर अपनी अलग पहचान बनाई। फाइनल राउंड का आयोजन 12 और 13 अप्रैल को प्रस्तावित है।



### निजी प्रकाशक की किताबों से निजी स्कूलों में पढ़ाई

**भोपाल।** शहर में निजी स्कूलों में प्राइवेट प्रकाशक की किताबों से पढ़ाई कराई जा रही है। एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे ने सेंट जेवियर व एमजीएम स्कूल की जांच करवाई तो प्राइवेट प्रकाशन की किताबों से पढ़ाई करवाया जाना सिद्ध हुआ है। एसडीएम ने बताया कि स्कूलों की गठित दल के द्वारा जांच की गई। जिसमें पता चला कि सेंट जेवियर सीनियर को-एड स्कूल भेल और एमजीएम को एड सीनियर हायर सेकेंड्री स्कूल द्वारा प्राईवेट पब्लिकेशन की किताबों से अध्ययन कराया जाता है। जिनकी कीमतें एनसीईआरटी की किताबों से ज्यादा है। इस तरह स्कूलों के द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा के नोटिफिकेशन का पालन ना करने के कारण नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाती है। बात दें कि महंगे कोर्स के लिए पालकों को अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ रही है। महंगी किताबें खरीदने से अभिभावक परेशान हो रहे है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 180 | 96 | 150 |
| रात: | 246 | 23 | 490 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 146 | 18 | 233 |
| रात: | 124 | 73 | 580 |

साइकिलिंग कर घर लौटते वक्त किलोल पार्क के पास हुई वारदात

## साइकिल में टक्कर मार गिराया, फिर बदमाशों ने डॉक्टर के साथ की लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित किलोल पार्क मस्जिद के पास शुक्रवार सुबह मुख्य सड़क पर बाइक सवार बदमाश ने डॉक्टर मनोज वर्मा की साइकिल को टक्कर मार दी। वे साइकिल से नीचे गिरे तो दो अन्य बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्च झोंककर उनका 11 तोला सोने का कड़ा पर्स और घड़ी छीनकर भाग निकले। घटना के समय डॉक्टर बोट क्लब से साइकलिंग कर लौट रहे थे। चलती साइकिल से गिरने के कारण उनकी कूल्हे की हड्डी टूटी है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर लूटपाट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर मनोज वर्मा (50) प्रोफेसर कॉलोनी श्यामला हिल्स में रहते हैं। स्टेट टीबी ट्रैनिंग सेंटर में बतौर डायरेक्टर मनोज वर्मा प्रतिदिन घर से साइकलिंग करने के लिए बोट क्लब जाते हैं। शुक्रवार सुबह भी वह साइकलिंग करने घर से निकले थे। बोट क्लब से साइकलिंग कर करीब दस बजे वह किलोल पार्क होते हुए घर लौट रहे थे, तभी मस्जिद से कुछ दूरी पर एक बाइक सवार बदमाश ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। साइकिल में टक्कर लगने से वह साइकिल सहित नीचे गिर गए। साइकिल से गिरते ही वहां मौजूद दो बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्च झोंक दी और उनके हाथ से सोने का कड़ा उतार लिया। बदमाशों ने उनकी जेब में रखा पर्स और हाथ से खड़ी भी उतार कर फरार हो गए।

*सीएम हाउस जैसे अति संवेदनशील क्षेत्र में दिन दहाड़े हुई वारदात ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल*

*साइकिल से गिरने के कारण डॉक्टर के कूल्हे की हड्डी टूटी*

### आंख में मिर्च डालने से नहीं देख सके बदमाशों का हुलिया

*बदमाश घड़ी और पर्स भी छीनकर ले भागे*

डॉक्टर मनोज वर्मा ने बताया कि आंख में मिर्च झोंकने के कारण आंखों में तेज जलन होने लगी। लिहाजा वह बदमाशों का हुलिया नहीं देख सके। सबकुछ इतनी जल्दी हुआ कि वह बदमाशों का विरोध भी नहीं कर सके। घटना के बाद उन्होंने ड्राइवर को कॉल कर बुलाया। ड्राइवर और उनकी पत्नी किलोल पार्क पहुंची और उन्हें लेकर घर गई। वहां से थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### दिनदहाड़े हुई लूट से पुलिस के हाथ पैर फूले

सीएम हाउस से कुछ ही दूरी पर होने के कारण यह क्षेत्र अति संवेदनशील है। बावजूद इसके बदमाशों ने दिनदहाड़े मुख्य सड़क पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दे दिया। थाना प्रभारी भूपेंदर कोल संधु ने बताया कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग अलग टीम लगाई गई हैं। फिलहाल आरोपियों का कुछ सुराग नहीं लगा है।

### ननि की दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी ने फांसी लगाई

*भोपाल। हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ज्योतिबा फुले नगर चार इमली में नगर निगम की महिला कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर वह अकेली थी। पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों ने उन्हें फांसी के फंदे पर लटका देख जेपी अस्पताल पहुंचाया था, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार चार इमली स्थित ज्योतिबा फुल नगर निवासी बबीता सारवान (40) नगर निगम में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी थीं। पति कैलाश सारवान निजी सिक्योरिटी गार्ड हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़े बेटे की उम्र करीब 18 साल है और वह भी प्राइवेट काम करता है। गुरुवार रात करीब नौ बजे बबीता सारवान ने सूने घर में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उनके पति ड्यूटी पर गए थे, जबकि बड़ा बेटा भी काम से लौटा नहीं था। छोटा बेटा बाहर खेल रहा था। पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार ने सबसे पहले बबीता को फंदे पर लटका देखा। पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे।*

मंडीदीप पुलिस ने किया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

## तीन नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार, चोरी की 4 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

मंडीदीप में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों पर लगाम कसते हुए मंडीदीप पुलिस ने एक सक्रिय बाइक चोर गिरोह को दबोचने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 4 बाइक बरामद की हैं। लगातार आ रही वाहन चोरी की शिकायतों के बाद थाना प्रभारी रंजीत सराठे की टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सटीक सूचना पर राजा उर्फ राजकुमार उर्फ हल्ला (21 वर्ष), निवासी वार्ड 3, पाल मोहल्ला, मंडीदीप को घेराबंदी कर पकड़ा। शुरुआती तलाशी में उसके पास से चोरी की एक हीरो स्पेलेंडर बरामद हुई। आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अपने तीन अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में चोरी की कई अन्य वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उन तीन नाबालिगों को भी हिरासत में ले लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 4 बाइक जब्त की। इस सफल कार्रवाई में प्रधान आरक्षक भरत साहू, संजय लोवंशी, दिलीप यादव, आरक्षक सूरज, भूपेंद्र और सौरभ की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।



पुलिस ने आरोपी के पास से जब्त की चोरी की चार बाइक।

## पार्क में बना ली क्रिकेट अकादमी 4 सप्ताह में हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साकेत नगर स्थित एक पार्क पर अतिक्रमण कर क्रिकेट अकादमी बनाने के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने आयुक्त नगर निगम को 4 सप्ताह में पार्क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल रहवासियों ने पार्क की जगह पर अतिक्रमण कर अकादमी बनाने के बाद हाईकोर्ट का रुख किया है।

अधिवक्ता साहिल नायक ने बताया कि साकेत नगर सेक्टर 3 सी में बीडीए ने पार्क बनाया था, लेकिन कुछ लोगों ने इसे खेल मैदान बनाकर क्रिकेट अकादमी बना डाली। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस संदीप एन भट्ट ने क्रिकेट अकादमी को हटाने निगम कमिश्नर को 4 सप्ताह का समय दिया है। अतिक्रमण नहीं हटा तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।

### निगम अमले ने 119 पानी के सैंपल लिए 53 लीकेज सुधारे

**भोपाल।** नगर निगम के जल कार्य के अमले ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 119 पानी के सैंपल लिए और जाचं के लिए लैब भेजे। इसी तरह अमले ने 53 स्थानों पर पाइप लाइन के लीकेज सुधारे। यह मुहिम बीते दो माह से महापौर मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन के आदेश पर शहरभर में रोज चल रही है।

### सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ लोगों को मिलेगा ठंडा पानी



**औबेदुल्लागंज।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा वार्ड 4 में जिला सहकारी बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक के सामने मुख्य मार्ग पर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ नप अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू चौकसे, उपयंत्री मुकेश जैन, महेश मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए नगर पालिका से अपील की है कि इसी तरह नगर के अन्य प्रमुख स्थानों जैसे कृषि उपज मंडी, शासकीय अस्पताल, बस स्टैंड, सब्जी मंडी आदि जगहों पर भी सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को गर्मी में राहत मिल सके।

जगह नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी, पालन-पोषण का संकट

## औबेदुल्लागंज में अतिक्रमण हटाने के बाद 300 दुकानदार बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद लगभग 300 छोटे दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगर परिषद द्वारा सड़क किनारे और बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के बाद इन दुकानदारों की दुकानें पूरी तरह उजड़ गईं, जिससे वे बेरोजगार हो गए हैं। पीड़ित दुकानदारों का आरोप है कि दुकानें तो हटा दी गई, लेकिन उनके पुनर्वास या वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर कोई योजना नहीं बनाई गई। कई दुकानदार वर्षों से छोटे-मोटे व्यवसाय कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे, अब उनको पारिवार पालना मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि हमने अपनी समस्या कई बार नगर परिषद के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों बो बताई पर अब तक किसी ने सुध नहीं ली। न तो दुकान लगाने के लिए नई जगह मिली और न ही कोई आर्थिक सहायता। परेशान होकर दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। स्थानीय नागरिकों का भी मानना है कि प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ प्रभावित लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था भी करनी चाहिए थी, ताकि किसी की आजीविका पर संकट न आए। फिलहाल, सोहन, पप्पू, कैलाश साहू, राकेश बाथम ने प्रशासन से जल्द राहत की मांग की है।



### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, पुलिस ने किया मर्ग कायम

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बावड़िया फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि हादसा रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ है।

पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार पिता गोवर्धन (32) विश्वकर्मा नगर, बागसेवनिया में रहता था और प्राइवेट गाड़ी चलाता था। बुधवार सुबह दस बजे वह घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। गुरुवार सुबह उसका शव बावड़ि्या फाटक रेलवे ट्रैक के पास मिला। विनोद के पास मिले दस्तावेज से उसकी पहचान करने के बाद परिजन से संपर्क किया गया। परिजन ने बताया कि विनोद शराब पीने का आदी था। अनुमान है कि शराब के नशे में रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आया है।

## मिनी बस संचालक वसूल रहे मनमाना किराया यात्रियों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में संचालित मिनी बसों द्वारा यात्रियों से अत्यधिक किराया वसूले जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आमजन, विशेषकर गरीब वर्ग, काफी परेशान है। यात्रियों का कहना है कि छोटी दूरी के लिए भी मनमाना किराया लिया जा रहा है। एक यात्री ने बताया कि ज्योति टॉकीज से औबेदुल्लागंज तक का किराया 60 रुपए लिया गया तो मंडीदीप के 30 रुपए, जो सामान्य दरों की तुलना में काफी अधिक है। इस तरह की वसूली ने परिवहन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ बस कंडक्टर उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है और कहीं भी बस खड़ा कर उन्हें अपने स्टॉप से काफी दूर भी उतार देते हैं। जो बसें आम जनता की सुविधा के लिए चलाई गई थीं, वही अब उनके लिए समस्या का कारण बनती जा रही हैं। नगरवासियों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि इस मामले में जल्द से जल्द जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और व्यवस्था में सुधार हो।

‘सृजन एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर’ कार्यक्रम का शुभारंभ

## कानूनी जागरुकता, लैंगिक समानता व्यक्तित्व विकास के साथ बस्तियों के 100 बच्चे सीखेंगे आत्मरक्षा की कला

*18 दिन चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम, रोजान प्रतिभागियों को सिखाएंगे सुरक्षा के गुर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र की अभावग्रस्त बस्तियों के 100 बच्चों को आत्मरक्षा, लैंगिक समानता, कानूनी जागरुकता और व्यक्तित्व विकास की ट्रेनिंग देने वाला 18 दिवसीय कार्यक्रम ‘सृजन-एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर’ का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज (एएआईएम) के सभागार में दोपहर 3 बजे शुरू इस मुहिम को मध्यप्रदेश पुलिस की तकनीकी सहायता से पुलिस, नेटलिंक फाउंडेशन एवं कृषक सहयोग संस्थान ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओपी औबेदुल्लागंज शीला सुराणा के मार्गदर्शन में हुआ। एडीजी विनीत कपूर ने फोन पर संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक तैयार करेगी। पुलिस-समुदाय के बीच विश्वास मजबूत करने का यह सुनहरा कदम है। एसडीओपी सुराणा ने कहा कि यह ट्रेनिंग न केवल बालिकाओं, बल्कि बालकों को भी परिवार व स्वयं को सुरक्षित रखने में सक्षम बनाएगी। एएआईएम अध्यक्ष विकास मुंदड़ा, नेटलिंक अध्यक्ष सोनल श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सचिव नीरज जैन और कृषक सहयोग संस्थान के निदेशक डॉ. एच.बी. सेन ने इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ‘सृजन’ जैसे कार्यक्रम समाज में जागरुकता फैलाकर युवाओं को सही दिशा देंगे।



### प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाण-पत्र

*प्रत्येक दिन सेल्फ डिफेंस की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के साथ मोटिवेशनल सेशन चलेंगे। प्रतिभागी सुरक्षा टिप्स, कानूनी अधिकार, नेतृत्व कौशल, नैतिक मूल्य और सामाजिक व्यवहार सीखेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रमाण-पत्र मिलेंगे, जो उनके व्यक्तित्व को नई उड़ान देगा। उद्घाटन में एसीपी चुना भट्टी, आलोक श्रीवास्तव, टीआई रंजीत सराठे, प्रशिक्षक विनोद राठौर, संगीता लोवंशी, अमिता डेहरिया, सुनीता गौर, राजकुमार साहू, नितिन सेन, शिवनारायण सराठे समेत बड़ी संख्या में गणमान्यजन और उत्साही किशोर-किशोरियां मौजूद रहीं। आयोजकों का मानना है कि यह मुहिम सामुदायिक पुलिसिंग को नई ऊंचाई देगी, युवाओं को सशक्त बनाएगी और पुलिस-समाज समन्वय को मजबूत करेगी।*

तहसीलदार ने पकड़ा ट्रक, जेएसओ ने जांच के बाद छोड़ा

## रातीबड़ में गोदाम, लालघाटी पर ट्रक से सिलेंडर की डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में बुकिंग करने के बाद भी उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत हो रही है। शुक्रवार को बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह जब टीम लेकर बड़े तालाब किनारे के अतिक्रमण तोड़ने निकले तो उन्हें लालघाटी पर भारत गैस की ममता एजेंसी से जुड़ा सिलेंडर से भरा ट्रक मिला, जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम को बुलाकर जांच कराई तो पता चला कि गैस एजेंसी का गोदाम रातीबड़ में है और हलालपुर से सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।

वाहन चालक हलालपुर में स्वागत गार्डन के पीछे श्रीराजराजेश्वर धाम ट्रस्ट की खाली प्लॉट पर दो ट्रक से व्यावसायिक और घरेलू सिलेंडर की सप्लाई कर रहा था। सिलेंडर सप्लाई की सूचना खाद्य विभाग को दी। खाद्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से जानकारी हासिल करने के बाद वापस लौट आए। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि पहले उक्त एजेंसी पर कार्रवाई की जा चुकी है, हालांकि अभी कोई गड़बड़ी नहीं मिली है।

